श्री दया कृष्ण (जींद) : स्पीकर साहिब, अपोजीशन की तरफ से और मेरे कुछ साथियों को तरफ से भी इस बिल की अपोजीशन हो रही है और काफी बहस हुई है । यह ए क साधारण सा दिल है और एक प्राइवेट मेबंर की तरफ से पेश किया गया था । जिस तरह से सरकारी बिलों की अपोजीशन होती है उसी तरह से इसकी नहीं होनी चाहिए थी । कुछ बातें अपोजीशन की तरफ से कही गई हैं । एक नेकहा कि उसके 11 बच्चेहे, दूसरे नेकहा इस ने ओपरेशन नहीं कराया है । मैं अर्ज करता हूं कि अपोजीशन को रिसपोसीबल बात करनी चाहिए । डाक्टर साहिब ने कुछ और बातें भी कहीं, मै उनकी इज्जत करता हूं और मैं उनमें जाना नहीं चाहता, लेकिन वह उस मिनिस्टरीमें शामिल थे और उनको पता है कि वह किस तरह उसे साथ ले डूबे । उनको जिम्मेदारी से बात करनी चाहिए (विध्न) यह बिल जो है, मैं ने बड़ी मेहनत और बड़े उत्साह के साथ तय्यार करके पेश किया है और मैंनहीं समझता था कि इसकी अपोजीशन होगी । मैं समझता हूं कि यह बिल बजट से भी और प्लान से भी ज्यादा जरूरी है । इसके पास होने से देश की इकोनोमिक हालत अच्छी होगी और लोगों की सेहत पर अच्छा असर पड़ेगा

एक आवाज : सीवन वाला केस भी बता दें कि क्या होता है ।

श्री दया कृष्ण : इस किस्म के केस स्पीकर साहिब अब भी होते हैं मैं मानता हूं और इन बातों को रोकने के लिये ही मैंयह बिल लाया हूं । वह जो पैसे दे कर ओपरेशन करते हैं यह ठीक बात

नहीं है । जिनके ज्यादा बच्चे होतेहै, वह अच्छी इकोनोमिक हालत न होने की वजह से उनको पाल नहीं सकते हैं और नतीजा यह होता है कि बीमारियां बढ़ती हैं हस्पतालों में खर्च बढता है, लेकिन फिर भी इकोनोमिक हालत अच्छी न होने की वजह से हजारों मर जाते हैं । इन हालात में यह निहायत जरूरी बिल है । हम पढ़े–लिखे हैं, हमारे पास साधन हैं और उन साधनों से बर्थ कन्ट्रोल कर सकते है' और हमें करना चाहिए, लेकिन जो भाई अनपढ़ है उनको कोई फायदा नहीं पहुंचता है और नतीजा यह हो रहा है कि पापूलेशन तेजी से बढ्ती जा रही है और इस के बढ़ने के जो नतायज होंगे वह आप जानते है' । ब्रूस लिये मैं समझता हूं कि यह बिल सब कें फायदा के लिये है । मैइस बिल पर अगर कसिडरेशन सटेज होती तो तफ्सील से सारी बातें बताता लेकिन अब ज्यादा न कहता हुआ, यही कहना चाहता हूं कि अपोजीशन वालों ने तो इसकी अपोजीशन की ही है और मेरी साइड से भी मेरे कुछ दोस्तों ने इसे अपोज किया हे । इस लिये मै समझता हूं कि इस वक्त शायद इस बिल के पेश करने का मौजूं वक्त नहीं है । इस लिये मैं इसे वापिस लेता हूं और मौजूं वक्त पर इसको फिर हाउस के सामने पेश करूंगा ।

Mr. Speaker : Has the honourable Member the leave of the House to withdraw the motion ?

(Voices : Yes.)

The motion was, by leave of the House, withdrawn.

RESOLUTION REGARDING PROHIBITING THE MANUFACTURE AND SALE OF ALCOHOLIC DRINKS IN THE STATE

Shri Daya Krishan (Jind) : Sir, I beg to move—

That this House recommends to the Government to take steps to enact law for prohibiting the manufacture and Sale of Alcoholic drinks in the State with effect from the 1st April, 1969.

चौधरी बनवारी राम : स्पीकर साहिब, अब जब कि 26 जनवरी, 1969 से प्रान्त की भाषा हिन्दी हो गई हे, तो अब अंग्रेजी में काम क्यों किया जा रहा है?

श्री मंगल सैन : स्पीकर साहिब, श्री दया कृष्ण जी ने जो रैजोल्यूशन पढ़ा है, यह अंग्रेजी भाषा में है, हमारी समझ में नहीं आता, इसे हिन्दी में क्यों नहीं ट्रांस्लेट करवाया गया ।

श्री अध्यक्ष : मेम्बर साहिबान हिन्दी में जानना चाहते हैं, इसलिए दया कृष्ण जी, आप हिन्दी में तर्जमा करके बता दें ।

श्री दया कृष्ण : स्पीकर साहिब, इस रैजोल्यूशन में यह लिखा हुआ है कि एक अप्रैल, 1969, से हमारे प्रान्त में शराब बन्दी हो जाये । यह रैजोल्यूशन मैं सदन के सामने पेश करता हूं और उम्मीद करता हूं कि सदन इसको पास करेगा ।

Mr. Speaker : Motion moved —

That this house recommends to the Government to take steps to enact law for prohibiting the manufacture and sale of alcoholic drinks in the State with effect from the 1st April, 1969.

चौधरी चांद राम : स्पीकर साहिब, जो पहले नोटिस दिया गया था उसमें 1 अक्तूबर, 1968, लिखा हुआ था और रिवाइज होने पर एक अप्रैल, 1969 किया है । तो क्या यह मेम्बर ने गलत लिख कर दिया था या दफतर से गलती हुई है?

Mr. Speaker : That does not make much difference who has done it.

चौधरी चांद राम : मैं जानना चाहता हूं कि यह भूल हमारे मेम्बरों से हुई है या किसी और की वजह से हुई है ।

Mr. Speaker : I hope, the honourable Members will not waste the valuable time of the House on such trifling things.

Chaudhry Chand Ram : I protest against this.

स्पीकर साहिब, जब यह सरकुलेट हुआ था तो उस में 1 अक्तुबर, 1968, लिखा हुआ था और उसके बाद ए 6 अप्रैल, 1969, लिख दिया । मैं आपसे सिंसीयरली और औनेस्टली इन्फर्मेशन लेना चाहता हूं कि यह गलती किस तरह हुई, और कोई खास बात नहीं है । (व्यवधान)

Mr. Speaker : I would request the honourable Members not to waste the valuable time of the House by raising such trifling matters.

श्री दया कृष्ण : स्पीकर साहिब, मैने शराब बन्दी के लिए यह रैजोल्यूशन सदन के सामने पेश किया है । शराब, जैसा कि इसका नाम है, इससे इसकी विशेषताओं का अपने आप पता चलता है । जैसे शर के मायने शरारत और आब के मायने पानी । यानि शरारत से भरा हुआ पानी है । जब यह पानी इन्सान के अन्दर जाता है तो उसे शरारत ही शरारत सूझती है । किसी भी धर्म ने शराब को अच्छी नहीं बतलाया । अंग्रेजी में कहते हैं "No religion has blessed the bottle" हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई यानि किसी भी धर्म ने इसको अच्छा नहीं समझा है । (व्यवधान) (इस समय डिप्टी स्पीकर चेयर पर बैठीं) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कह रहा थाकि शरारत से भरा यह पानी जब इन्सान के अन्दर जाता है तो शरारत ही पैदा होती है । इसके मुताल्लिक कुछ प्रसिद्ध व्यक्तियो के विचार आपके सामने रखना चाहता हूं– साक्रेटीज, एरिस्टोटल, प्लेटो, तथा सिसरो ने कहा है––

"Wins is debasing to the dignity of man"

शैक्सपीयर ने भी कहा है "If they has no name. Let me call you devil"

चौधरी साहिब ने भी ही कहा है––

"Character and same depart when wine comes in"

गान्धी जी ने भी यही कहा है––

"If I was appointed dictator for one hour for all India, the first thing I would do would be to close without compensation all the liquor shops."

ये विचार बड़े बड़े आदमियों ने जाहिर किये हैं । हमारे कांस्टीच्चूशन में जो आर्टिकल 47 है उसकी तरफ भी मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । उसमें लिखा है कि––

"The State shall regard the raising of the level of nutrition and the stand-of living of its people and the improvement of public health as a nong its primary duties and in particular the State shall endeavour to bring about prohibition of the consumption except for medicinal purposes of intovicating drinks and of drugs which are injurious to health"

हमारे कांस्टीच्चूशन का भी यह मेंडेट हूँ, इसमे भी लिखा हुआ है कि प्रोहिबीशन लागू होना चाहिए । शराब की खराबियां किसी से छुपी हुई नहीं हैं । सबसे पहले में इकोनोमिक प्वायंट आफ व्यू से आपके सामने अर्ज करना चाहता हूं । शराब पीने से सब से ज्यादा नुक्सान

ज्यादातर गरीब आदमियों का होता है । उनकी बहुत थोड़ी आमदनी होती है, वह इस सारी आमदनी को शराब पर ही खर्च कर देते है' । घर में जो जरूरी सामान लेना होता है वह नहीं खरीद पति जो पेसा बच्चों की पढ़ाई पर खर्च होना चाहिए, मकान बनाने की तरफ इस्तेमाल होना चाहिए या और जरूरी चीजों पर इस्तेमाल होना चाहिए उसे ये लोग शराब के लिए इस्तेमाल करते

हैं । आपने देखा होगा जिन आदमियों को यह ज्यादातर आदत होती है वे खास कर गरीब आदमी होते हैं । वे जमीन बेच देते हैं, मकान बेच देते हैं कर्जदार हो जाते हैं लेकिन शराब नहीं छोड़ते । हमें उनकी तरफ ध्यान देना चाहिए, अगर किसी बे समझी की वजह से वे किसी खराबी में पड़ जाते हैं तो हमें कानून के जरिये से इसको बन्द करना चाहिए ।

इसके अलावा दूसरा आस्पैक्ट सोशल प्वाइंट आफ व्यू है । जिस घर के अन्दर कोई व्यक्ति शराब पीता है, वह सब से पहले अपने घरवालों से लडता है, भाई–बहनों से झगड़ता है, पड़ोसियों से झगड़ता है, गांव में लड़ता है और इस लड़ाई–झगड़े से कई प्रकार के जुल्म होते हैं । इस प्रकार सोसायटी को बड़ा नुक्सान होता है सोशल प्वायंट आफ व्यू से भी शराब का पीना ठीक नहीं है ।

शराब पीने से आप ठीक से काम नहीं कर सकते । अपने मुंह से अक्ल की बात नहीं कर सकते, दूसरा आदमी, जिससे बात कर रहे होते हैं, वह समझता है कि इस आदमी से इस वक्त बात न को जाये, अगले दिन की जाये तो ठीक है । शराब पीने से व्यक्ति ठीक ढंग से सोच नहीं सकता, चल नहीं सकता और न ही कोई काम कर सकता है । इसके बाद में हैल्थ पुआइट आफ व्यू सदन के सामने अर्ज करूंगा । हर डाक्टर यह कहता है कि इसके इस्तेमाल से इन्सान की सेहत बेहद खराब हो जाती है । सिर्फ हमारी एनर्जी कुछ वक्त के लिए एक्साइट हो जाती है लेकिन जब

उसका असर खत्म हो जाता है तो उसका री–एक्शन होता है और 'शरीर में कमजोरी रहती हूँ । सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि इसके इस्तेमाल से इन्सान का पेट खराब रहता है । फेफड़े खराब हो जाते हैं और इन सवकी वजह से इन्सान की सेहत बिल्कुल खराब रहनी शुरु हो जाती है । तो हैल्थ पुआइट औफ व्यू से भी इसका इस्तेमाल बहुत खराब है ।

चौधरी जय सिंह राठी : बाबू जी इसका टेस्ट कैसा होता है?

श्री दया कृष्ण : मैं अपनी दाई साईड वालों से पूछ लूं क्योंकि मैं तो पीता नहीं (विघ्न) खैर, फिर मोरल पुआइट औफ व्यू से भी मेरी अर्ज यह है कि शराब पीने के बाद आदमी बहुत सी ऐसी बातें कर जाता है या करने की कोशिश करता है जो कि उसे नहीं करनी चाहिए । ला एंड आर्डर पुआइट औफ व्यू से भी यह चीज निहायत ही खराब है । अगर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्वैस्टिगेशन कराया जाए या पुलिस से पता लिया जाए तो बहुत जुरमो की जड़ यह शराब है । जब कोई आदमी झगड़ा करने जाता है तो शराब पीकर जाता है । तो कहने का मतलब यह कि सब प्रकार से शराब का पीना खराबी पैदा करता है । इन सब बातों के बावजूद भी, डिप्टी स्पीकर साहिबा, सरकार क्यों इसको बेचने की इजाजत देती है इसका कारण मैं एक ही समझता हूं वह यह कि इससे इसको करोड़ों रुपये की आमदनी होती है । तेकिन मेरी सरकार से प्रार्थना छै कि उसे आमदनी का लालच नहीं करना चाहिए क्योंकि शराब की वजह से जो लोगों को नुकसान हो रहा है वह कहीं

ज्यादा है, उसकी ज्यादा अहमियत है । सरकार को उसकी तरफ ध्यान देना चाहिए । इसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए । और अगर सरकार इन बातों के बावजूद भी शराब का पीना ठीक समझती है तो फिर इसे चाहिए कि वह हर आदमी को इजाजत दे दे कि वह खुब शराब बनाए, पीये और पिलाए । सरकार को फिर उसे अपने. हाथ में ही नहीं रखना चाहिए बल्कि हरेक आदमी को बनाने की इजाजत होनी चाहिए । इस तरह से तो सरकार ही फायदा उठाती है क्योंकि यह एक रुपये की बोतल को 8– 9 रुपये तक बेचती है, पब्लिक को इससे नुकसान ही है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप जानती हैं कि शराब के पीने को सारे धर्म खराब समझते है' । इससे होने वाले नुकसान भी मैने बता दिए । इसलिए अब मेरी सदन से प्रार्थना है कि इस रैजोल्युशन को हमें पास कर देना चाहिए । इससे फायदा ही होता है, नुकसान नहीं । और अगर नुकसान भी हो तो हमें रिस्क ले ही लेना चाहिए । मैं तो चाहता हूं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, कि शराबन्दी को एक दम सारी स्टेट में लागू कर देना चाहिए मगर मगर सरकार एक दम रिस्क नहीं लेना चाहती हो तो मेरी अर्ज है कि हमारे छोटे से जिले में इसे ट्रायल के तौर पर लागू कर देना चाहिए । परन्तु मेरी यह भी अर्ज है कि हमें अपने कदम को आगे की ओर ही बढ़ाने का प्रयत्न करना चाहिए, पीछे लौटाने का नहीं जैसा कि रोहतक में किया गया । पहले वहां शराब बन्दी थी लेकिन अब वहां फिर छूट दे दी है । (विध्न) सो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो इतना ही कहकर समाप्त करता हूं क्योंकि मेरी दायें तरफ बैठे

भाई अपने तजुरुबे की बातें कहना चाहते है'. .विघ्न.. मेरा तजुरुबा तो दूसरों के तजुरुबे पर ही निर्भर करता है । उपाध्यक्षा रू मित्तल साहिब की तरफ से एक अमैन्डमैन्ट आई है । मैं उनसे रिक्वैस्ट करती हूं कि वे उसे मूव करें ।

श्री मंगल सैन : उपाध्यक्ष महोदया, प्रैक्टिस तो यह है कि संशोधन रैड एरण्ड मूवड समझे जाते हैं ।

उपाध्यक्षा : रवायत तो यह भी है कि जिसने अमैण्डमैण्ट दी हो उसको बोलने का टाईम दिया जाता है ।

श्री राम सरन चन्द मित्तल (नारनौल) : माननीय उपाध्यक्षा महोदया, मेरी जो अमैन्डमैन्ट है उसे मैं अंग्रेजी और हिन्दी लोगों में सुना देता हूं । अंग्रेजी में इस प्रकार है :——

"In lines 7-9, for the words and figures with effect from the 1st April, 1969' substitute 'according to a phased programme to be drawn up by the Government.'

हिन्दी अनुवाद इस प्रकार है :——

''पंक्ति 2 में 1 अप्रैल 1969 से' शब्दों तथा अंको के स्थान पर 'सरकार द्वारा बनाए जाने वाले प्रावस्था–भाजित कार्यक्रम के अनुसार' रखिए ।

मलिक मुख्तियार सिंह : बड़ी मुश्किल हिन्दी लिखी है मित्तल साहिब ने।

श्री राम सरन चन्द मित्तल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं चौधरी मुख्तियार सिंह जी की बात मानता हूं कि बड़ी मुश्किल हिन्दी है । दरअसल बात यह है कि मैने अमैण्डमैण्ट को औफिस को भेज दिया था । उन्हें ने यह अनुवाद किया है । आपको शायद यह ख्याल हो कि मैने ही इसका ट्रांसलेशन किया होगा ऐसी बात नहीं है । उसे तो दफतर वालों ने किया है । खैर, मैडम मैं इस अमैण्डमैण्ट के मुताल्लिक भी अर्ज करूंगा और इस रेजोल्यूशन के मुताल्लिक भी दो–चार शब्द संशोधन की शक्ल में पेश करना चाहता हूं । मेरा यह ख्याल हे, पता नहीं और साहिबान एग्री करें या न करें क्योंकि शराब का मामला है । जहां तक शराब की अच्छाई और बुराई का ताल्लुक सै, ज्यादा कहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । डायरेक्टिव प्रिंसिपल्ज जो हमारे कांस्टीच्यूशन के हैं, उनमें भी यही है कि स्टेट गवर्नमैण्टस शराब को बंद करें, प्रोहिबिशन लागू करें और यह बात भी बहुत कुछ हद तक मानी जाएगी कि शराब के पीने वाले भी यह नहीं चाहेंगे कि उनके बच्चे शराब पीए । धार्मिक नीति से या इखलाकी नीति से, वह बात अलाहिदा है, लेकिन इस बात पर ज्यादा झगड़ा नहीं होगा कि शराब कोई अच्छी चीज नहीं । परन्तु अफसोस इस बात का है कि सब कुछ होते हु ए भी शराब का इस्तेमाल ज्यादा होता जा रहा है । जव अंग्रेजों का यहां राज्य था और गुरबत काफी थी, उस वक्त शराब पीने के नतीजे सामने आया करते थे कि मजदूर फैक्ट्री से तनख्वाह लेकर घर नहीं पहुंचकर शराब पर सब खर्चा कर देता था । घर के बाल–बच्चे भूखे मरते थे और लोग भी जो अच्छी

तनख्वाह लेते थे वे विदेशी शराब पीकर अपने घर के इण्ट्रेस्ट को, अपनी फैमली के इण्ट्रैस्ट को बच्चों की देख रेख को उनकी शिक्षा को इनोर करके, पैसे को खर्च किया करते थे । महात्मा गांधी ने भी आवाज उठाई इसके बारे में ।

उस समय शराबबन्दी के लिए दुकानों पर पिकटिंग बडे जोर से हुआ करता था । पहले अमेरिका में भी प्रोहिबिशन थी । वहां उस समय के एक नेता पुसीफुट जानसन जो शराब बन्दी का काम करते थे शायद भारत् आए । उनका पूरा नाम ध्यान नहीं आ रहा लेकिन उन्होंने अमेरिका मे आन्दोलन किया था । हिन्दुस्तान के अन्दर भी उन्होंने अपने ऐक्सपीरियन्सिज बतायें और यहां कहा कि शराबबन्दी होनी चाहिए ।

महात्मा गांधी जी ने बहुत पहले ही यह कहा था कि शराबबन्दी होनी चाहिए, लेकिन उस समय तो अंग्रेज थे और शराब से उनकी आमदनी होती थी । इसलिए उन्होंने बन्द नहीं की, परन्तु महात्मा गान्धी ने जरूर कहा कि यह बन्द होनी चाहिए । फिर हमारा देश आजाद हो गया और फाईव–ईयर प्लान बने और उन पर अमल किया गया । उन प्लानों से खुशहाली मैटीरियल परोसपैरिटी देशमें हो गयी, लेकिन असल चीज जो हम चाहते थे, जो गान्धी जी चाहते थे वह नहीं आयी । पहले जो लोग शराब पीते थे, उनको नफरत की निगाह से देखा जाता था । अगर कोई व्यक्ति शराब पीता हुआ पकड़ा जाये तो लोग उसको शराबी–कबाबी पुकारा करते थे और उसकी सोहबत अच्छी नहीं समझ ते थे ।

उस समय यह देहात में, शहर में, हर जाति में यह नफरत की चीजें समझी जाती थीं, लेकिन अब उस टाईम में और इस टाईम में बड़ा फर्क हो गया है । आज के वक्त में शराबी को नफरत की निगाह से नहीं देखा जाता है । हमारी जनता ने, हमारी गवर्नमैंट नै मेहनत करके अंग्रेजों के टाईम से बहुत ज्यादा खुशहाली हासिल की है । लोगों की आमदनी बढ़ी है, लेकिन इन सब बातों के होने के बावजूद भी हम उस पैसे को अच्छे कामों मे नहीं लगाते हैं । मुझे अफसोस हूँ कि उस पैसे का माकूल हिस्सा शराब में जाता है । सब से बड़ी दु:ख की बात तो यह? कि स्कूलों में और कालेजों के अन्दर लड़के और मास्टर–प्रोफेसर मिल कर एक जगह पर शराब पीते है । हमारे भारत का इनटैलीजैन्सिया जो यह कहता है कि शराब एक जहर है और यह पुकारते है' कि शराब नहीं पीनी चाहिए लेकिन फिर भी जरूर पीते है' । इन बातो को वड़े लाइटली लेते हैं, इफैक्टिवली इसको बन्द नहीं करना चाहते ।

हमारे कई एक साथी कहते हैंकि हम इसके हक में हैं और इस रैजोल्यूशन को पास कर देना चाहिए । मैं भी इसके हक में हूं । लेकिन में कुछ अमैंडमैएट चाहता हूं । हमारे मित्र श्री दया कृष्ण जी ने कहा है कि यह एक अप्रैल 1969 से अमल में आ जादे । मैने इसके लिए एक अमैण्डमैण्ट मूव की है :––

In lines 7-9 for the words and figures 'with effect form the 1st April, 1969 substitute 'according to a phased programme to be drawn up by the Government.

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह अमैण्डमैण्ट मूव करने की इसलिए आवश्यकता हुई कि एक्साइज डिपार्टमैटं कुछ समय के लिए मेंरे चार्ज में रहाहै । 1962 से लेकर 1 964 तक । मैने श्री जयसवाल जी जो यहां पर एम. एल. ए. है' उनकी डिसलरी फैक्टरी का इन्सपेक्शन भी किया है । मैं तो यह चाहता हूं कि यह शराब बिल्कुल बन्द कर दी जाए और लोगों कों बिल्कुल पीनी छोड़ देनी चाहिए । अगर लोग पीना छोड़ देते हैं तो बहुत ही अच्छी बात हूँ । शराब के वन्द करने से गवर्नमै.ण्ट को फाइनेन्स का कितना ही' नुकसान क्यों न उठाना पड़े, गवर्नमैण्ट को जरुर इनफारस कर देना चाहिए । लेकिन मैने तजुर्बे से यह देखा है कि शराब पीना एकदम से बन्द नहीं हो सकता । अगर शराबी लोग शराब पीना बन्द कर दे तो मे श्रीमती ओमप्रभा जैन से यह निवेदन करूंगा कि वे इस चीज को बिल्कुल माइन्ड नही करें कि गवर्नमंट को इसके बन्द करने से कितना नुक्सान होता है । लेकिन मैं इस बात से डरता हूं कि शराबी लोग शराब पीना बन्द नहीं करेंगे । मिसाल के तौर पर अगर कोई पंचायत गांवों में यह रैज्योलूशन पास कर दें कि हमारे गावों में कोई देसी शराब का ठेका नहीं होना. चाहिए तो मुमकिन है .कि गवर्नमैटं उसका लाईसेंस न दे, लेकिन होता यह है कि दो चार अहम आदमी अच्छा लिबास पहन कर पेश होते हैं और प्रार्थना करते हैं कि सरकार शराब का ठेका बन्द कर देवे । नतीजा ये होता है कि वहां पर काटेज इण्डस्ट्री के रूप में शराब का कारोबार चलता है । इस तरह से गवने मैट का तो रेविन्यू बन्द हो जाता है और खुद वे लोग शराब पीते हैं ।

मलिक मुख्तियार सिंह : आप डस रैजोल्यूशन की स्पोर्ट कर रहे है या इसका विरोध कर रहे है ।

श्री राम सरन चन्द मित्तल : मैं अमैण्डमै ण्ट के साथ स्पोर्ट कर रहा हूं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह बताना चाहता हूं कि एकदम से तो हैबिट लोगों की चेंज नहीं हो सकती । इसके लिए भी गवर्नमैटं को काफी स्टेप्स उठाने पड़ेंगे । आप देखिए पहले रोहतक जिले में शराब बन्द थी । मेरे विचार के अनुसार अगर वहां बन्द ही रहती तो अच्छी थी, लेकिन अब अगर वहां के एक्जिक्टिव अफसर, यूरलिस अफसर शराब पियें, तो वे दूसरे लोगों को कैसे रोक सकते हैं कि शराब पीना वन्द करो । अगर कालेज के अन्दर प्रोफैसर, गांवों के अन्दर पंच, सरपंच यत्र प्रापेगण्डा करें कि शराब पीना बन्द करो । तब शराब पीना बन्द हो सकता है । जब रूल के अनुसार शराब किसी इलाके मे बन्द है तो वहां के लोग दूसरे इलाकों से लाते हैं या खु द नाजायज शराब बनाते हैं । इसलिए इस नाजायज (इल्लिसिट) शराब को रोकने के लिए हमें पुलिस फोरस की जरूरत पडेगी । पुलिस के लगाने से एक तो हमारा पुलिस का खर्चा बढ़ेगा, दूसरे जो शराब से आमदनी होती थी वह कम हो जायेगी । काफी समय पहले हमारी सैन्ट्रल गवर्नमंट ने लिखा था कि शराब के बन्द करने से जो नुक्सान होंगा उसका पचास फी सदी नुकसान केन्द्रीय सरकार हमें देगी । मैंने उस समय स्कीम बनायी थी, और हम यह शराबबन्दी की स्कीम लागू करना चाहते थे । परन्तु उस वक्त चाईना एग्रैशन (

चीनी हमला) शुरू हो गया । इसलिए उस वक्त हमे यह प्रोहिबिशन का काम भारत सरकार की हिदायत पर बन्द करना पड़ा वरना कुछ दिनों में उसको चालू करने वाले थे । उन इलाकों में जहां पर और इलाकों के मुकाबले में आसानी से प्रोहिबिशन लागू हो सकती है जैसे महेन्द्रगढ का जिला है वहां फिरोजपुर और अमृतसर की निस्बत आसानी से यह स्कीम इंट्रोड्यूस हो सकती थी । तो मैं अर्ज करूंगा कि शराब को बन्द करने के लिये हमें महज इस रैजोल्यूशन को ही पास करना काफी नहीं होगा, इसके लिए गवर्नमैटं को बड़े स्टैप्स लेने होंगे । लोगों की हैबिट्स चेंज करनी होगी । इसीलिए मैं ने यह अमैण्डमैण्ट पेश की हे कि बजाए इस के कि इस को पहली अप्रैल से इण्ट्रोडयूस किया जाए, इसके लिए कोई फेजड प्रोग्राम हो और गवर्ममैट अपने फाईनेसिज के मुताबिक तमाम बातों को मद्देनजर रख कर स्टेट में इट्रोड्यूस करे । लोगों की हैबिट्स भी चेंज हो, और फाईनेंसिज में भी दिक्कत न आए तभी बात बनती है । लेकिन अगर आज फैसला कर दिया जाये कि पहली अप्रैल से हो जायेगी तो वह प्रैक्टीकेबल चीज नहीं है । इन बातों को सामने रख के मैं आप से निवेदन करूंगा कि मेरी अमैडमैट मान ली जाए और कोशिश जरूर की जाए कि प्रोहिबिशन जल्दी से जल्दी हों, और इफैक्टिव (effective) हो । लेकिन इफैक्टिव प्रोहिबिशन तब तक नही हो सकती जब तक लोग अपनी हैबिट्स चेंज न करें । आप जानते हैं कि हमारे देश में कैरेक्टर बिल्डिंग जितना होना चाहिए था उतना नहीं हुआ । इसके लिए जो इटैलीजेंसिया क्लास

है उन की ज्यादा जिम्मेवारी बनती है । इन शब्दों के साथ, स्पीकर साहिब, मै' निवेदन करूंगा कि वाईन इफैक्टिव तरीके से बन्द होनी चाहिए और मेरी जो अमैडंमैटं है वहू मान ली जाए ।

Deputy Speaker : Motion moved—

In lines 7-9, for the words and figures "with effect from the 1st April, 1969" substitute "according to a phased programme to be drawn up by the Government."

मेजर अमीर सिंह चौधरी (बाढरा) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, श्री दया कृष्ण जी को आप तो जानते हैं और हमारे भी वह पुराने साथी है' । वह बहुत मेहनत के साथ काम करने वाले लैजिसलेटर्ज में से हैं और उनकी नियत पर शक नहीं किया जा सकता, लेकिन वह फंसे हुए ऐसे चक्कर में हैं कि अगर हम उनकी सपोर्ट भी करेंगे तो खोदा पहाड़ और निकला चूहा वाली बात होगी । उनके अपने ही साथी उनको यह रैज्योल्यूशन वापिस लेने पर मजबूर कर देंगे और जितना भी इस पर टाईम लगेगा वह सारे का सारा जाया जाएगा । मित्तल साहिब ने इस मे तो पेच रख लिया है । स्पीकर साहिब, कांग्रेस वालों के साथ मैं 24 साल रहा हूं यह कभी भी प्रोहिबिशन नहीं कर सकते । अगर यह कर दें तो मैं लैजिसलेटर बनना छोड दूंगा बेशक मुझे से लिखवा लो । यह बिलकुल नहीं करेंगे । यह करेंगे उस दिन जिस दिन इनका राज छिनने को होगा और दूसरे के हाथमें आ जाएगा । मित्तल साहिब मेरे पुराने साथी हैं, इन्होंने यह पेच रख दिया है फेज्ड प्रोग्राम का और यह

फेज्ड प्रोग्राम उनका उस दि न खत्म होगा जिस दिन राज इन के हाथ से जाएगा । इस किस्म का रैजोल्यूशन लाने से पहले इन को चाहिए था कि अपनी पार्टी में डिसकस कर लेते ।

वित मंत्री : आन ए प्वायंट आफ आर्डर मैडम, मेजर साहिब ने फरमाया है कि जब कांग्रेस का राज खत्म हो जाएगा तब इस को लागू करेंगे । मेजर साहिब को पता होना चाहिए कि यहां कांग्रेस का राज खत्म हो गया था और इन को मिल गया था लेकिन जनता ने इन से छीन कर फिर हमको सौंप दिया ।

(श्री ओम प्रकाश गर्ग की ओर से विध्न)

मेजर अमीर सिंह चौधरी : गर्ग साहिब जैसे लैजिस्लेटर्ज अगर और पैदा हो गए, तो हरियाणा का नाम ही खत्म हो जाएगा । इस किस्म का आदमी जिसने अपने गुरू को भी धोखा दिया हो और कई बार साईड्ज बदलीं हों, वहू क्या टीका–टिप्पणी कर सकता है ।.

श्री ओम प्रकाश गर्ग : मेजर साहिब नें फरमाया है कि इधर से उधर कई बार साईजज बदलने वाले क्या बोलेंगे । मगर मेजर साहिब तो खुद ऐसे आदमियों की पनाह में रहते हैं जो ज्यादा इधर से उधर होते रहे हैं ।

मेजर अमीर सिंह चौधरी : मैं उन आदमियों में से हूं जो बिल्कुल इस बात के बारे में किसी से कलाम तक नहीं करता । तो खैर मैं अर्ज कर रहा था कि मित्तल साहिब ने वह पेच रख दिया जिससे

सांप भी मर जाएगा और लाठी भी बच जायेगी । मैं उनको मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंने बहिन ओमप्रभा जी के लिए रास्ता खोल दिया । मगर ऐसे हाउस का टाईम खराब करने का कोई फायदा नहीं । इसके लिए अगर आप सीरियस हैं तो आप इसके लिए एक तारीख मुकर्रर करें अगर अप्रैल मे नहीं कर सकते, तो मई, जून, जुलाई, या दिसम्बर में कर लो, वरना फेदड प्रोग्राम की क्या लिमिट है । इन्होंने रोहतक के अन्दर प्रोहिविशन की ।

चौधरी लाल सिंह : आन ए पुआयंट आफ आर्डर मैडम, इस प्रस्ताव की मुखालफत करना हरियाणा की सब से बड़ी मुखालफत है ।

मेजर अमीर सिंह चौधरी : इन्होंने रोहतक के अन्दर प्रोहिबिशन की, मैं उस के साथ महेन्द्रगढ जिले का हूं । रोहतक के चारों तरफ इस कदर शराब बिकने लगी कि उस ने रोहतक की प्रोहिबिशन को न्यूट्रेलाईज कर दिया । ऐसी प्रोहिबिशन का क्या फायदा । अखबारों के अन्दर आज चर्चा है कि महेद्रगढ में प्रोहिबिशन की जाएगी । आप करिए बेशक करिए, लेकिन यह बात न हो कि रेविन्यू भी जाए और बात रोहतक वाली ही हो । वहां पर प्रोहिबिशन तब तक कामयाब नहीं होगी, जब तक कि आप साथ के जिलों में दस दस मील की बैल्ट को ड्राई नहीं करार देंगे । राजस्थान का तकरीबन सौ मील बार्डर भी साथ लगता है अगर उनका आप सहयोग प्राप्त नहीं करेंगे तो फिर भी आप की प्रोहिबिशन कामयाब नहीं हो सकेगी । इसलिये मैंबहिन ओम प्रभा जी से कहूंगा कि अगर आप महेन्द्रगढ में यह काम कर दें तो हम

आप को मुबारिकबाद देंगे । हमारा इलाका गरीब है और हम तो शराब पीना अफोरड ही नहीं कर सकते । जो नासमझ है वही पीते हैं । लेकिन आप ऐसा न करें जैसा आपने रोहतक में किया था । वहां कम से कम दस मील की बार्डर से मिलती ड्राई बैल्ट होनी चाहिए । यह ध्यान हो कि हमारे तो शराबबन्दी है और उधर साथ में छूट है । जिस वक्त रोहतक में शराबबन्दी थी, तो मैं ने एक्साईज वालों से पूछा कि यह रोहतक के साथ महेन्द्रगढ में जो आपने दुकानें खोल रखी हैं, वहू क्यों? वह कहने लगे कि हमें कोटा मिला हुआ है कि इस जिला में उतनी बोतलें और इस जिला में इतनी इतनी बोतलें शराब की खपत करनी हैं और अगर यह कोटा खत्म नहीं करेंगे तो काम कैसे चलेगा? मित्तल साहिब ने यह तो बताया कि वह एक्साईज के मिनिस्टर रहे है लेकिन यह नहीं बताया कि मन्त्री होते हुए शराब का कितना कोटा हर जिला के लिये मुकर्रर कर रखा था । एक तरफ तो यह ऐसी बातें करते हैं और दूसरी तरफ कहते हैं ठेके से कि अगर इतनी बोतले नहीं उठाओगे तो इतनी पैनलटी पड़ेगी । जब इन्होने शराब बेचने के कोटे मुकर्रर कर रखे हैं कि इस शहर में और इस गांव में रोजाना इतनी बोतलें शराब की बेचनी हैं, तो आप बताएं कि यह प्रोहिबिशन कैसे करेंगे । मैं आशा करता हूं कि वहन जी अपनी इस नीति को स्पष्ट करेंगी कि यह जो ठेकेदारों को मजबूर किया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा शराब बेचो और आज हर जिला में ठेकेदार घाटे में जा रहे हैं । तो क्या इससे प्रोहिबिशन होगी । आप देखना मैं अगले सैशन में कवैश्चन पुट करूंगा कि कितने

ठेकेदार जेल में गए, कितनों की जायदादें नीलाम हुई और सरकार ने उनको शराब बेचने के लिये कितना कोटा मुकर्रर कर रखा था और फिर आपने देखना इनकी तरफ से क्या जवाब आता है । मैं पूछता हूं कि जब इस सरकार ने शराब बेचने के कोटे मुकर्रर कर रखें हैं और ठेकेदारों को कहा जाता है कि ज्यादा से ज्यादा शराब बेचो तो उस सरकार को क्या अधिकार है कि उसके मैम्बर इस किस्म के प्रस्ताव हाउस में लायें । पहले आप फैसला तो करें कि आप चाहते क्या हैं । हम आपोजीशन वाले तो इसकी पुरजोर ताईद करेंगे, लेकिन मुझे पता है कि इसका नतीजा कुछ नहीं निकलेगा या तो यह इसे खत्म नही करेंगे या फिर मूवर साहिब बड़ी शान के साथ इसे विदड्रा करेंगे । इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव को स्पोरट करता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह भाई इसे वापिस नहीं लेंगे । हम सब इस की ताईद करते. हैं । लेकिन मित्तल साहिब ने जो तरमीम दी है उसका मैं विरोध करता हूं क्योंकि अगर वह मानी गई तो इस प्रस्ताव का सारा मतलब ही फौत हो जाएगा ।

चौधरी नेकी राम (नरवाना) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, दया कृष्ण जी ने जो रैजोलूशन हाउस में लाया है वह बहुत ठीक है और मैं पुरजोर अलफाज के साथ इसकी ताइद करता हूं । यह मामला ऐसा है कि इस पर कोई लम्बी–चौड़ी तकरीर करने की कोई जरुरत नहीं और इसे बगैर किसी देरी के पास कर देना चाहिए । साफ बात है कि यह शराब की बिमारी इतनी खतरनाक है कि

अगर इस पर काबू न पाया गया और यह सिलसिला इसी तरह चलता रहा तो इस स्टेट के हालात खराब हो जाएंगे । हम देहात में रोजाना देखते हैं कि वहां क्या हालात हो रहें हैं । गांव में जितने झगड़े, मुकदमेबाजी और कत्ल की वारदातें हो रही हैं उन में सब से बड़ा हाथ शराब है । यह लानत है और इसे जितनी जल्दी खत्म किया जाए उतना ही बेहतर होगा । सरकार जो होती है वह जनता की बेहतरी के लिए होती है और यह काम नहीं होना चाहिए कि वह हर बात में मुनाफा की बात ही देखें । अगर जनता की भलाई के लिए माली नुकसान भी बरदाशत करना पड़े तो सरकार को करना चाहिए । मैं समझता हूं कि कोई भी ऐसा आदमी नहीं होगा जो शराब के हक में हो, सब कहते हैंकि लानत को खत्म करना चाहिए । इस बिमारी में जो फंस जाता है वह आदि हो जाता है और बेकाबू हो जाता है लेकिन दिल से तो वह भी यही चाहता है कि इससे छुटकारा मिले । इस लिए बगैर किसी देरी के इस रैजोलूशन को कानूनी शकल दी जाए और शराब को हुकमन बंद किया जाए । हरियाणा में पहले शराब का बहुत कम रिवाज था और अगर कोई पीता था तो कहीं शहरों में ही चंद लोग पीते होंगे लेकिन अब यह बीमारी तेजी के साथ हर जगह फैल रही हे । मेजर साहिब ने बड़े अच्छे तरीके के साथ इसकी वजाहत की है लेकिन चूंकी यह बात कांग्रेस की तरफ से पेश की गई है इस लिए वह खुले दिल से इसकी हिमायत नहीं कर सके हैं । जो अच्छी बात हो चाहे वह अपोजीशन की तरफ से आए या सरकार की तरफ से उसकी खुले दिल से ताइद होनी चाहिए ।

मुझे तो हैरानी इस बात की हो रही है कि ऐसे नेक काम के करने में देरी क्यों की जा रही है । जब हर तरफ से इस के हक में आवाज आ रही है तो फिर जल्दी ही इसे कानूनी शकल देनी चाहिए और हाऊस का टाइम किसी और काम के लिए लगाना चापहिए । इन अलफाज के साथ मैं इसकी पुर जोर ताइद करता हूं ।

चौधरी बनवारी राम (जुडंला ऐस० सी०) : डिप्टी स्पीकर साहिबा रैजोरेल्यूशन जो पेश किया गया है वह बहुत अच्छा है लेकिन मुझे इस बात की कोई उम्मीद नहीं कि यह कांग्रेस वाले इसे पास करेंगे । हम पिछले 22 साल से देख रहे हैं इस कांग्रेस को । इन्होंने रैजोलूशन तो बहुत रखे है' लेकिन अव्वल तो इन्होंने वह पास ही नहीं किए है' और अगर पांस हौ भी गया हे तो उस पर आज तक अमल नहीं हुआ है । 1956 की बात है हमारे करनाल में एक सरदार के खिलाफ शराब का केस चल रहा था और वह अदालत में पेश था । अदालत ने उस पर जुरमाना किया और अदा करने को कहा । उसने कहा कि जुरमाना तो दे दूंगा लेकिन देने में कुछ समय लगेगा । जब उससे पूछा गया कि समय क्यों लगेगा तो उसने कहा कि पहले गुड़ लाउंगा फिर उसका साडा डालू गा उसके बाद शराब निकाल कर उसे बेच कर जुरमाना अदा कर दूंगा (हंसी) हरियाणा की बात ही मैं करता हूं औरों की नहीं करता । हरियाणा में कभी शराब बंद नही हो सकती । अगर ठेके बंद करेंगे तो सरकार को पता नहीं सरकार को कितनी पकड़

धकड़ करनी पड़ेगी और कितने केस चलेंगे । इससे बड़ा नुकसान होगा । पहले तो इन कांग्रेस वालों को अपने घर से बंद करनी होगी लेकिन ऐसा यह करेंगे नहीं । इनकी तो मियां जी वाली बात हे । एक मियां जी अपने लिए तो घर में बैंगन लाए लेकिन बाहर जलसा में तकरीर करने लगे कि बैंगन बहुत बुरी चीज है इसे नहीं खाना चाहिए । घर पर आ कर उसने पूछा कि क्या पकाया है तो उसकी औरत ने कहा कि कुछनहीं क्योंकि आपने ही जलसा में कहा था कि बैगन नहीं खाने चाहिए और मै ने वह उठा कर फैक दिए । उसने कहा कि बेअकल यह बात तो दुनियां के लिए है हमारे ऊपर यह लागू नहीं होती (हंसी) । इसी तरह स्पीकर साहिब प्रोहिबीशन वाली बात दूसरों पर ही लागू होती है मिनिस्टरों पर लागू नहीं होंती । जब यहां पर मिनिस्टर खुद शराब पीते हैं तो ये कैसे शराब बन्दी कर सकते हैं । इसलिए हरियाणा की सरकार प्रोहिबीशन के लिए कोई रैजोल्यूशन पास नहीं कर सकती ।

चौधरी रणबीर सिंह (किलोई) : उपाध्यक्ष महोदया मैं श्री दया कृष्णा जी के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं । जहां तक शराब बन्दी का ताल्लुक है वह दरअसल मैं किसी एक पार्टी का सवाल नहीं है वह तो देश के आचार व्यवहार का सवाल है । जहां हमारे देश में पिछले बीस सालों में जिसमें हमारा हरियाणा प्रान्त भी शामिल है. बहुत तरक्की हुई और हर क्षेत्र में आगे बढे हैं । लेकिन कुछ बातों में देश पीछे भी गया है । जिन कारणों से देश पी छे रहा

है उन में से एक कार ण शराब का प्रयोग करना है । शराब दो तीन किसम के आदमी पीते हैं । एक तो वे भाई पीते हैं जो अपनी जिन्दगी से बेजार हो जाते हैं जिनकी जिन्दगी से हर प्रकार की आशा टूट जाती है । ये लोग निराशा को भुलाने के लिए शराब का इस्तेमाल करते हैं । इनके अतिरिक्त दूसरे वे भाई शराब पीते हैं जिनके पास आमदनी ज्यादा होती है । खाने. पीने के बाद जो पैसा बच जाता है उसे शराब में इस्तेमाल करते हैं । पैसा ज्यादा होने से देश का स्टेंडर्ड ऊंचा हुआ, लोगों की आमदनी ज्यादा हुई, जिसका नतीजा यह हुआ कि लोग शराब पीन ए लगे । लोगों का स्टैंडर्ड अगर ज्यादा ऊंचा हुआ तो शराब पीने से गिराना नहीं चाहिये ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जहां तक शराब को पीने से रोकने का ताल्लुक हूँ, इसको किसी भी पुलिटिकल पार्टी की सरकार से नही जोड़ा जा सकता है । कांग्रेस पार्टी की कई सरकारों ने शराब–बन्दी की और मद्रास में डी. एम.के. की सरकार ने, जो कि विरोधी दल की सरकार है उसने शराब–बन्दी की हूँ । इसलिए यहां पर कांग्रेस पार्टी या विरोधी दल की पार्टी का सवाल नहीं है, सवाल देश के आचार और स्तर को ऊंचा करने का है । यह बड़ा गम्भीर सवाल है, मुझे मालूम नहीं कि जो भाई इसको बन्द करने में गिला करते हैं वे शराब इस्तेमाल करते हैं या नहीं करते, अगर वे नहीं पीते तो अच्छा है न पियें अगर पीते ए हैं तो कोई अच्छी बात नहीं हूँ । इसको छुड़वाने में सरकार का जितना भी सहयोग

हे सके, देना चाहिए । यह बड़ी अच्छी चीज है क्योंकि राष्ट्र पिता गान्धी ने ती यहां कहा था कि ' 'शराब की आमदनी से अगर हम अपने बच्चों को शिक्षा देगे तो बच्चे बुरे कर्म करेंगे' ' क्योंकि जैसी चीजें हम खायेंगे हुमारे दिमाग पर वैसा ही असर पड़ेगा उद्देश्य पर जदियो का असर होता है । हो सकता है यही कारण हो कि आज देश के बच्चे अनुशासनहीन होते जा रहे है । पढ़ाई की तरक्की तो हुई लेकिन विधार्थियों में अनुशासन गिर गया । जैसा कि बापू गान्धी ने कहा था कि जैसी जैसी चीजों का सेवन हम लोग करेंगे उसका असर और छाप बच्चों पर जरूर पडेगा, वह आजकल की घटनाओं से साबित हो गया । इसलिए सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए । मेरे कहने का मतलब यह नहीं है कि कांग्रेस सरकार ही शराब बन्दी कर सकती है, गुजरात की सरकार ने भी नशाबन्दी की, मैसूर की सरकार ने भी शराब बन्दी की है, इसके इलावा और भी कांग्रेस सरकारें या गैर–कांग्रेसी सरकारें है' जिन्होंने शराब बन्दी मुकम्मल तौर पर की है । लेकिन जिन जिन सरकारों ने शराब–बन्दी पर रोक लगानी चाही उससे उनकी अपनी समस्याएं पैदा हो गई । लोग नाजायज तरीके से शराब निकालने लग जाते हैं । हरियाणा सरकार ने रोहतक जिले में शराब बन्दी की । रोहतक में शराब बन्दी होने से आस पास के इलाकों से शराब ज्यादा बिकने लगी और सरकार की आमदनी उतनी ही रही जितनी कि रोहतक में शराब बन्दी होने से पहले थी । इस हिसाब से अगर एक जिले के बजाय दो जिलों में शराब बन्दी कर दें तो भी सरकार की आमदनी उसी हिसाब से बढ़ती हे क्योंकि शराब

पीने वाले दूसरे इलाकों से खरीद लाते है' । इसका क्या कारण हे कि शराब बन्दी होने के बावजूद भी शराब पीने वालों की संख्या में कोई कमी नहीं आती । इसका कारण यह हूँ कि हमारे आचार विचार ठीक नहीं हैं हमारे क्केटर का स्तर ऊंचा नहीं है । इसी लिए लोग चोरी से शराब बना लेते हैं, चोरी से पीने लगते हैं, जिसके कारण प्रदेश में और कई प्रकार की खराबियां पैदा हो जाती हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : आपने तो रोहतक में भी प्रोहिबीशन खोल दी थी ।

चौधरी रणबीर सिंह : इसके बारे में राव साहिब से इतना ही कह सकता हूं कि खोलने वाले तो राव साहिब के बहुत करीबी दोस्त बन गये हैं और राव साहिब ने उनको अपना नेता मान लिया है (व्यवधान) । जिस वक्त यह शराब बन्दी खोली गई थी उस वक्त मैं अपनी बदकिस्मती समझता हूं क्योंकि उस वक्त इनके दोस्त मुख्य मन्त्री थे और मैं उनके मन्त्रीमण्डल में एक मेम्बर के तौर पर था । ठीक है मैं अपनी कमजोरी मानता हूं, मैंने उस वक्त हौसला नहीं किया कि मन्त्रिमण्डल से त्यागपत्र दे देता ।

वित मंत्री : यह खोती तो राव साहिब के समय में गई थी ।

चौधरी रणबीर सिंह : ठीक है, सरकार के कई ऐसे कानून होते हैं जिनके फैसले पहले हो जाते है' और कार्यरूप देर से होते हैं । फैसला तो हमारा था । यह ठीक है कि फैसला हमारा था .लेकिन

आप फैसले को बदल सकते थे । इस बात से हम बच नहीं सकते कि यह फैसला कांग्रेस सरकार का था और यह फैसला कोई अच्छा फैसला नहीं था । इसके सम्बन्ध में मित्तल साहिब ने जो संशोधन दिया है वह ठीक है क्योंकि मित्तल साहिब को इस लाईन का काफी तजरुबा है, पंजाब में वे शराब के महकमें के इंच्चार्ज थे और उस वक्त उन्होंने एक नया तजरुबा करने की कोशिश की थी । इसके बारे में दो तीन किसम के विचार हो सकते हैं, कई भाई इसका विरोध करते हैं, कई नहीं करते हैं । हो सकता है कि कई भाई मुझे यह कहें कि मैं भी उस वक्त के मंत्रिमण्डल का मेम्बर था और मित्तल साहिब के फैसलों के साथ हम भी सहमत थे क्योंकि वह फैसला कैबिनैट में हुआ था । एक बात में जरूर मानता हूं कि शराब बन्दी करने से सरकार के खजाने पर बोझ पड़ता है, सरकार की आमदनी कम हो जाती है और खर्च ज्यादा हो जाता है । इसके इलावा शराब बन्द होने से लोग चोरी से शराब इस्तेमाल करते है' जिससे कुरप्शन बढ़ती है । एक तो शराब पीते हैं और वह भी चोरी से, इस तरह उन को चोरी की आदत पड जाती है । जब तक हम अपने भाईयों का जीवन स्तर, चरित्र निर्माण नहीं करते है' तब तक यह शराब बन्दी हीं हो सकती । शराब बन्दी से तो क्रैक्टर और भी इस चीज को ध्यान में रखते हुए कि लोग चोरी से शराब भी न पीये और इसकी तजारत भी खत्म हो जाये, हमने यह फैसला किया था कि शराब के अन्दर नशे की जितनी माता है उसको धीरे धीरे कम कर दिया जाए । इससे शराब पर लागत कम लगेगी और सस्ती होने से सरकार को आमदनी बढ़ेगी

। मुझे उम्मीद है कि अगर हमारी सरकार के बाद जो दूसरी आने वाली सरकार थी, अगर वहू इस फैसले को लागू करे रखती तो सरकार और प्रदेश को फायदा हो सकता था मित्तल साहिब ने जो संशोधन दिया हूँ उसके पीछे भावना यह ही है कि यदि सरकार एक दम आमदनी के साधन को बंद कर देगी तो उसे बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा । बात है भी ठीक क्योंकि यदि आमदनी के एक साधन को दूसरे साधन के ढूंढे बगैर बंद कर दिया जाए तो रास्ते में मुश्किलें आएंगी ही । जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि सरकार अख्तियारात होने के कारण सब कुछ कर सकती है, उसके बारे में तो मेरी अर्ज यह है कि राव साहिब के मंत्रीमंडल को तथा मेजर साहिब के मंत्रीमडल को भी उतने ही अख्तियारात थे जितने हमारे मंत्रीमंडल को थे या हैं । इन अख्तियारात के होते हुए न तो वे ही बंद कर सके और न हम ही कर सके । मैं मानता हूं कि शायद राव साहिब की ख्वाहिश थी, मेजर साहिब की भी होगी और हमारी भी थी कि शराब बंद हो लेकिन कुछ मुश्किलात रास्ते में आती रहीं, जिन्हैं प्रैक्टिकल मुश्किलात कह सकते हैं, जिनकी बजह से कुछ फैसला करने के कदम आगे नहीं बढ़ सके । मैं यह भी मानता हूं. कि पंडित भगवत दयाल के मंत्रीमंडल ने जो फैसला किया था वह भी शायद कुछ मुश्किलात को ही सामने रख कर किया होगा क्योंकि उनका हल्का झज्जर था और झज्जर में बहुत सारे फौजी हैं । फौजी भाई आप जानते हैं मिल्टरी के अन्दर रहकर शराब पीने के आदी हो जाते हैं । हरियाणा में सबसे ज्यादा फौजियों की तादाद उसी

इलाके में थी, उसी जिले में थी और वे लोग मुझे याद है कहा करते थे कि शराब–बन्दी शायद उन्हीं को सजा देने के लिए की जा रही है । तो इन सब बातों का असर तो पड़ता ही है । मेरा ख्याल है कि राव साहिब भी शायद इसीलिए' ही नहीं कर सके होंगे क्योंकि एक तो ये खुद भी फौजी है और दूसरे इनके इलाके में भी फौजी बहुत है' । कहने का मतलब यह कि कई बार काम इसि लिए नहीं हो पाते क्योंकि उनके बारे में समाज का दवाव पड़ता' है । परन्तु फिर भी, मैं मानता हूं कि कारण कुछ भी हों, कमजोरी कमजोरी ही रहती है, बुरी बात बुरी ही लेती है और उसे दुर करने का हमें प्रयत्न करना ही चाहिए । एक दम तो शराब, जैसा मैने पहले कहा, बंद नहीं हो सकेगा और न ही ऐसा करने से फायदा होगा मगर जैसा कांग्रेस पार्टी मानती है, देश की दूसरी पार्टियां भी शायद मानती हैं, कि सदस्यों को शराब नहीं पीनी चाहिए । यह भी मेरा विश्वास है कि यदि कोई सदस्य पीते भी होगें तो वे भी खास करके सदन में यह नहीं कह सकते कि शराब पीनी चाहिए..

चौधरी जय सिंह राठी : पहले वजीरों को शराब पीने से बंद होना चाहिए ।

चौधरी रणबीर सिंह : वजीर तो पहले भी पी जाते थे ।

मलिक मुख्तियार सिंह : आपने भी कभी पी?

चौधरी रणबीर सिंह : अपने बारे में तो मैं यही कह सकता हूं कि मैने कभी शराब नहीं पी । तो डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं यह बात कह रहा था कि जनता के नुमांयदे जो यहां आते हैं, चाहे वे इधर वे बैठे हों या उधर बैठे हो, उनको शराब नहीं पीनी चाहिए । (तालियां) डिप्टी सगझकर साहिबा, आप यकीन मानिए कि हरियाणा को राजनीति के अन्दर आज जो गिरावट आई है उसका एक कारण शराब ही है क्योंकि शराब पीकर मनुष्य अपनी मर्जी के खिलाफ ऐसा फैसला कर जाना हूँ जिसके बारे में उसे बाद में पछताना पड़ता है । यदि शराब न हो या हम शराब न पीएं तो कम से कम आदमी अपने दिल से फैसला तो करेगा चाहे वह सही हो या गलत हो ।

राव बीरेन्द्र सिंह : शराब पीकर लोग कई दफा सच भी बोल जाते हैं ।

चौधरी रणबीर सिंह : हो सकता है, क्योंकि राव साहिबा को ज्यादा तजरुबा है लेकिन हम .तो ऐसा समझते हैं कि बिना शराब पीए आदमी सही बात करता है । (विन्न) तो खैर, मैं इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि हरियाणा की राजनीति के अन्दर जो गिरावट आई, हमारे कुछेक सदस्यों के पहले तो किसी पार्टी के टिकट पर चुनकर आने परन्तु बाद में लोगों की राय लिए बिना दूसरी पार्टी में शामिल हो जाने की वजह से, उसके पीछे. शराब पीने का काफी असर रहा । मैं यह नहीं कहता कि जो लोग इधर से उधर गए वे ही शराब पीने वाले हैं, ऐसी मेरी धारणा नहीं हैं ।

पीने वाले तो दोनों तरफ हो सकते हैं और न पीने वाले भी दोनों तरफ हो सकते हैं, लेकिन मेरे कहने का मतलब यह है कि शराब का काफी असर रहा है । इसलिए मैं इस हक में हूं कि शराब–बन्दी होनी चाहिए ताकि समाज का सामाजिक स्तर ऊंचा हो । शराब पीने वाले, उपाध्यक्ष महोदया, सामाजिक स्तर को नीचे गिराते हैं अपने खानदान और अपने बच्चों के साथ ज्यादती करते है, जो.पैसा खानदान और बच्चों की तरक्की के लिए खर्च करना होता है उसे वे फज्ल व्यय कर देते हैं और अपने बच्चों और खानदान को बरबादी की तरफ ले जाते हैं । इन सव बातों को देखते हुए, उपाध्यक्ष महोदया, मुझे तो बड़ी खुशी होगी यदि यह प्रस्ताव सदन में पास हो जाए क्योंकि मैं तो हमेशा इस राय का रहा हूं कि अगर गुजरात की सरकार वगैर शराब की बिक्री के अपने काम को चला सकती है तो हरियाणा के लोग और हरियाणा की सरकार भी जरूर अपने काम को चला सकती है । कोई काम मैं समझता हूं शराब के बिना रहने वाला नहीं है । मगर यदि किन्हीं कारणों से हम अभी पूरी शराब बन्दी कर भी न पाएं तो भी मैं चाहता हूं कि थोड़े बहुत कदम तो हमारे आगे बढ़ने ही चाहिएं । हमें चाहिए कि हम समाज.को शराब–बन्दी की बात को मानने के लिए तैयार करें । आज तक तो, जैसा मैने पहले कहा और अपनी तथा अपनी पार्टी की जिम्मेदारी भी मानी, हम लोगों को आगे ले जाने की बजाए पीछे धकेलने में ही ज्यादा कामयाब या नकामयाब रहे हैं । जैसा मैने पहले अर्ज किया कि यदि प्रस्ताव पास हो जाए तब तो बड़ी अच्छी बात है परन्तु यदि प्रस्ताव भी हो

तब भी मैं समझताहूं कि इससे फायदा ही है क्योंकि इसकी वजह से शराबबन्दी के बारे में लोगों के विचार, कि आया शराब बन्दी होनी चाहिए या नहीं होनी चाहिए, होनी चाहिए तो किस तरीके से होनी चाहिए, सदन में आएंगे । मैं मेजर साहिब, को तरह विचार नहीं रखता कि यदि सारी स्टेट में शराब बन्द न होकर कहीं महेन्द्रगढ में ही हो गई तो क्या फायदा नहीं होगा ।

मेजर अमीर सिंह चौधरी : मैं तो वैलकम करता हूं ।

चौधरी रणबीर सिंह : वैलकम करते हैं, तब तो ठीक हूँ । परन्तु इससे भी कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि पहले महेन्द्रगढ से शराब रोहतक आया करती थी और अब यदि महेन्द्रगढ में शराब बन्दी हो जाए तो रोहतक से वहां चले जाया करेगी । खैर, अपने अपने विचार हैं लेकिन इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए मैं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह समझता हूं कि हमारी पार्टी के आज के कांग्रेस प्रधान, श्री रामसरन चन्द मित्तल जी ने शराब बन्दी या शराब बनाने की कुछ ही कह लें, जो नीति बताई है वह शायद ज्यादा अच्छी रह सकती है । तो हमें चाहिए कि नशे की परसैन्टेज धीरे धीरे कम करके कोको कोला तक पहुचा देनी चाहिए । अब कुछ लोग कहेंगे कि चौधरी साहिब आप कोको कोला क्यों पीते है'? कोको कोला तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं पीता हूं क्योंकि मेरा ख्याल हो गया है कि मेरी सेहत के लिए यह अच्छा है । हो सकता है मेरा ख्याल गलत हो । लेकिन बहरहाल, मै तो यह कहता हूं कि अगर धीरे धीरे हम नशीली चीजों का अंश

घटाएं तो उससे सरकार को जो एक आर्थिक संकट आ सकता है वह नहीं आएगा और शराब–बन्दी की तरफ भी हमारा कदम बढ़ेगा । सरकारी कामकाज को चलाने के लिए हमेशा पेचीदगी होती है क्योंकि कोई बेचने वाला चोरी करता है, कोई शराब निकालने वाला चोरी करता है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : फिर आप वीयर को चालू कर दें जैसा कि मित्तल साहब ने कहा है ।

चौधरी रणबीर सिंह : मैं इस बात से सहमत हूं जो श्री मित्तल जी ने कहा था । फिर राव साहब भी बहां गुड़गांव के अन्दर एक कारखाना लगवा लेंगे । दूसरा हरियाणा के किसानों को यह फायदा होगा कि उनको उनके जी की कीमत पूरी मिल सकेगी । एक फायदा यह होगा कि उस शराब के मुकाबले में इस शराब में नशे का अंश कम है । जैसा कि मित्तल साहब ने प्रोग्राम रखा है पहले बीयर शुरू कर दें और बाकी दूसरी शराबों को बन्द कर दें यह ठीक ही रहेगा ।

(एक सदस्य की ओर से विघ्न)

आप शोर न करें और बलवन्त राय तायल जी आप तो वैसे ही भाग गये मैं तो आज भी आपकी मित्तल साहब से सिफारिश करने को तैयार हूं कि तायल साहब के साथ जो पहले अन्याय हुआ था उसके लिए आप लीनियंट व्यू लें । (शोर)

चौधरी जय सिंह राठी (नौलथा): डिप्टी स्पीकर साहिबा यहां काफी देर से नशा– बन्दी के सिलसिले में बात चल रही है । इस हाउस में जो भी स्पीकर उठता है वह एक ही बात कहता है कि शराब बन्द होनी चाहिए । डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इस दुनियां में केवल एक शराब ही नशा नहीं है और भी बहुत से नशे हैं । किसी आदमी में ताकत का नशा, किसी में हुसन का नशा, किसी में दौलत का नशा और इन नशों के अलावा अफीम का, भांग का और चरस का भी है । इस तरह से कितने ही नशे है' । अब मेरी यह समझ में नहीं आता कि ये शराब के नशे को छोड़ कर और सब नशों को अपने पास रखना चाहते हैं । किसी भी स्पीकर ने यह नहीं कहा कि हम सब नशों को छोड़ने के लिए तैयार हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा एक ही नशे का फिकर रहा । चोधरी रणबीर सिंह जो मैने तो अभी बोलना ही शुरू किया था आप उठ कर ही चल दिये ।

चौधरी रणवीर सिंह : नहीं बैठ जाता, हुं ।

चौधरी जय सिंह राठी : डिप्टी स्पीकर साहिबा चौधरी रणबीर सिंह जी ने बड़ी समझदारी और सच्चाई के साथ कहा कि शराब ने इस हरियाणा की सियासत में बड़ी उथल– पूथल की और दल–बदली की और यह भी कहा कि हरियाणा को शराब से बहुत भारी नुक्सान हुआ । डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं कुछ दिनों उस तरफ कांग्रेस बैंचिज पर भी बैठा हूं मुझे सारी बातें मालूम हैं, लेकिन इस तरह से दूसरों पर दोष देना ठीक नहीं है जैसा कि अभी

रणबीर सिंह जी कह रहे थे कि लीनियंट वयू लेले तायल साहब के लिए । डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं आपके जरिए इस हाउस को बता देना चाहता हूं कि हमने तो दल बदले और उथल– पुथल की, लेकिन इन के लीडरों ने अपने घर बदते, गुरु बदले, धर्म बदले । इतना ही नहीं

इन्होंने तो वे लोग भी बदल दिये जिन्होंने इनका दिल बदला था । (शोर)

श्रीमती चन्द्रावती : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है । आनरेबल मेम्बर शराब–बन्दी पर बोल रहे हैं या किसी पोलिटिकल विषय पर बोले जा रहे हैं ।

चौधरी जय सिंह राठी: शराब के बारे में ही बोल रहा हूं । जैसा कि चौधरी रणबीर सिंह ने कहा है उसी के बारे में मैं कह रहा हूं कि शराब का नशा हरियाणा में है । जो आदमी कुरुक्षेत्र की भूमि पर जहां कृष्ण ने भगवत् गीता का उपदेश दिया था यह कहता है कि मेरा लीडर फलां आदमी है .मेरा गुर फलां है । और उस पवित्र भूमि पर तो वह इन बातों को मानते हैं लेकिन अब वह युद्धिष्टर हो गया कि मैने कुछ नहीं कहा यह सव झूठ है । क्या यही हमारे दिमाग हैं? इसीलिए शराबबन्दी करते है'? शराब–बन्दी तो यह करना चाहते हैं लेकिन और जो भी नशे है' क्या वह इसी प्रकार से रहेंगे? मैं तो कहता हूं कि हरियाणा के अन्दर नशा बन्दी होनी चाहिए न कि शराब–बन्दी । मेरे विचार सै शराब–बन्दी नहीं

करनी चाहिए क्योंकि शराब तो एक ऐसी चीज है जिसके बारे में कहा गया है । मैं केवल अपने मामले में खासतौर पर कहता हूं :——

पीऊ तो पीऊ और न पीऊ परसों साकी ।

तोबा करते ही बदल जाती है नीयत मेरी ।

तोड़ू कर तोबा नजामत तो मेरी होती हे कोशिश ।

क्या करूं नियत बदल जाती है सागर देख कर । ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा इन सब पीने वालों की सागर देखते ही नीयत बदल जाती है । अगर इन्होंने शराब–बन्दी करनी ही है तो अपनी नीयत को ठीक करें । उस पर जम कर रहे । मुझे तो ऐसा लगता है कि हरियाणा के चरित्र को उंचा करने की बजाए कोई और कबाड़ा न कर दें । अगर इन्होंने शराब को हटा दिया 'तो कोई और जरिए तलाश कर लेंगे जिससे हरियाणा की जनता को नुक्सान होगा । जब हम ने शराब–बन्दी के लिए कहा था तो कहने लगे कि दो करोड़ का हरियाणा को घाटा होगा ।

वित मंत्री : आपने कब कहा था?

चौधरी जय सिंह राठी : आप रिकार्ड मंगा कर देख लें । आपने कहा था कि दो करोड़ रुपये का घाटा हरियाणा को पड़ेगा ।

असल बात तो यह है कि 25 परसैन्ट का जो खसारा है उसको किसी तरह से पूरा करना चाहते है' और वह जमींदारों से ही पूरा करेंगे । अगर यह सरकार चाहती है कि हरियाणा का भला हो और उनकी तरक्की दा तो मेरा तो ख्याल यह है कि इस नशा–बन्दी की बातों को बन्द करें और अगर आपने नशा–बन्दी करनी है तो आपने यह जो मुनिया भर की प्लान बना रखी है यह नमिली प्लेनिंग और दूसरी हैं इनको बन्द कर के इस खराब–बन्दी के खसारे का पूरा करें । एक और चीज डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं अर्ज करना चाहता हूं । नशेबन्दी की जो बात है, नशे सो मँने बता दिए हैंऔर नशे का सेवन जो है उस के बारे में थोड़ी सी बात चौधरी रणबीर सिंह जी ने कही थी जैसे कि उन्होंने सुझाव दिया कि शराब की डिगरी घटा कर कोका कोला की तरह कर दें, कीमत बेशक उतनी ही रखो लेकिन घटा कर कोका कोला जरूर कर दो ताकि वह भी पी सके । कमाल की यह नशाबन्दी कराने लगे है । (विघ्न) यह तो नशा बढ़ाने की बात करते हँ' । मँ यह कहूंगा कि अगर आप ने सिर्फ शराब घटाने की ही स्कीम रखनी है तो यह उस वक्त तक कामयाब नहीं होगी जब तक आप दूसरे नशे बंद करने की बात नहीं करते । अगर यह चाहते है कि वाकई नशेबंदी हो जाए तो यह मैं इन से जरूर कहूंगा कि वह इन के जितने रिसोर्सिज हैं उनके लिए तैयार रहें । लेकिन सिर्फ कह देने से कोई बात नहीं बनती ।वह तो बहुत पुराने' कांग्रेसी है । कांग्रेस का तो सिद्वान्त हूँ कि नशाबंदी होनी चाहिए हम भी यह कहते हैं कि बंद करदो और लोग भी चाहो है' कि नशाबंदी होनी

चाहिए। तो फिर कर दो बड़ी अच्छी बात दै, आज ही इस पर बहस और वोटिंग हो जाए । मैं अर्ज करूंगा कि मेरे बोलने के बाद और किसी के बोलने की कोई खास जरूरत नहीं रहती । इसलिए इस पर वोटिंग करके पास कर दें । ख्ररगीद साहिब तो उठ कर बाहिर चले गाए क्योंकि मैं ने बोलना था । मैं ने उनको कहा था कि मैं कुछ बोलना चाहता हूं शराब के बारे में आओ कुछ बात हो जाए । मगर उन्हेंने कहा कि में आऊंगा ही नहीं क्योंकि शराब की बातें मन कर मेरी तबीयत मचल जाती है । खैर डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं यह कहने के लिए खड़ा हुआ हूं कि यह पास किया जाए, यह अच्छी बात है अगर हरियाणा मे' नशा बंदी हो जाए ।

श्रीमती चद्रावती (लोहार) : डिप्टी स्पीकर साहिबा यह जो प्रोहिबीशन का रेजोल्यूशन हमारे सामने आया है इसके बारे में बहुत कुछ कह जा चुका है और इस के बारे में कोई नई बात करने की नहीं रहती । आप जानते हैं कि संसार के विचार को और दूसरे लोगों ने इस के खिलाफ यानी शराब के खिलाफ काफी लिखा है । यह ठीक है जो पीने वाली वृति के लोग है' उन्होंने और कई शायरों ने इस के हक में कुछ लिखा शुगल के तौर पर लिखा या जैसे उनको अच्छा लगा लिखा लेकिन दुनियां के विचारकों ने या जो समाज की हालत को अच्छा बनाना चाहते हैं उन्हों ने इस को खराबी के रूप में, वाईस के रूप में बताया । यह ठीक है कि पूरी तरह इसको समाज से हटाने में कोई भी देश

अभी तक कामयाब नहीं हुआ । उस की कई एक वजूहात हैं । सब से बड़ी वजह तो यह रही है कि जो हरेक देश में समाज के मुखिया कहलाने वाले लोग हैं उन्होंने कभी भी इस को उस नजर से नहीं देखा या देखना ही नहीं चाहते थे कि प्रोहिबीशन हो । बल्कि वह हमेशा पीते रहे और पीते है' । मे समझती हूं कि बम्बई में या रोहतक में जो प्रोहिबीशन कामयाब नहींहो पाई उस की सब से बड़ी वजह यही थी और इस के अलावा दूसरा सब से बड़ा कारण यह है जैसा कि पहले भी बताया जा चुका है कि जो एक्साईज इन्सपैक्टर या पूलिस अफसर छापा मारने के लिए जाते हैं वह खुद पीते हैं । बिल्ली कोअगर दूध का रखवाला बनाया जाएगा तो जरूर पी जाएगी । तो नाकामयाबी की यह वजह रही कि जो लोग इस को इम्पलीमट करने जाते थे उनको इस में यकीन नहीं था । अभी चौधरी रणबीर सिंह जी ने कहा था कि अगर इस को कोका कोला का नाम दे दिया जाए और इस की डिग्री नीचे कर दी जाए तो बुराई गी । मैं भी समझती हू कि यह बुरी बात नहीं है, क्योंकि हम सब चाहते है' कि देश के नागरिकों का स्वास्थय अच्छा रहे । जितने कबरखाने के मजदूर है' या जो किसान है' वह जितना कमा कर लाते हूँ' वह सारे का सारा उन के बच्चों तवा नहीं पहुंचता और उनकी कमाई का बहुत सा हिस्सा शराब पर खर्च होता है और फिर जो शराब बिकती लू उस की डाक्टरों से जांच नहीं करवाई जाती कि उस का लोगो को सेहत पर क्या असर होगा । उस में जहरीली चीजें इस्तेमाल होती है' जिस से लोगों की मौत हो जाती है । चन्द रोज हुए हम ने

अख्बारों में पढ़ था कि मद्रास में काफी लोग शराब पीने से मूर गए थे । हम चाहते है कि हम को देश की डिफैसं केलिए अच्छे जवान मिले और आप जानते हैकि जो अच्छा सिपाही होता हूँ वह किसान ही हो सकता है, क्योंकि उस का काम इतना मुश्किल होता है कि वह घर पर भी सर्दी गर्मी बर्दाश्त करता है और उस का रोज का काम काज फौज के काम से मिलता जुलता है लेकिन उस की सेहत का कोई ख्याल नहीं किया जाता । इस लिए यह जरूरी हूँ कि इस के बारे में कोई कदम उठाया जाए । बड़े लोग जो पीते है, वह कीमती शराब पीते हैं, हो सकता है वह सेहत के लिए अच्छी हो लेकिन उन को देख कर दूसरे घटिया पीते है' । इस लिए उन का भी वह चार्म दूर होना चाहिए । हम जो आदर्शवाद मे चले जाते है' वह आदर्शवाद कभी पूरा नहीं होता, क्योंकि उस के पीछे रिऐलिटी नहीं होती, प्रेक्टीकेबिलिटी नहीं होती । इसी लिए वह चीज कामयाब नही होती और दूसरे जो लोग उस को इम्लीमैटं करने वाले होते हैं' उन का उस में यकीन नही होता । डिप्टी स्पीकर साहिबा मै इस को सपोर्ट करते हुए मुख्य मंत्री साहिब से कहूंगी कि अगर वह प्रोहिबीशन करना चाहते हैंतो हम को इस के लिए समाज को तैयार रखना चाहिए और जो लोग समाज के मुखिया कहलाते हैं, जिन्होंने उनकी अगवाई करनी है उन को भी अपने ऊपर जिम्मेवारी लेनी चाहिए, क्योंकि एक बड़ा आदमी जौ काम करता है दूसरे उस को नकल करते है और उस के पीछे चलते है' । इसलिए अगर हम प्रोहिबीशन करना चाहते है' तो हम कों सोसाइटी के अपर स्ट्रेटा से शुरू होना

चाहिए । लेकिन अगर अगर सोसाईटी सहयोग नही देती तो हम समझेगें कि न हम इस को करना चाहते है' न इसके लिए सोचो और न ही वहू देश के वफादार है' । जो यह सोचते है' कि कुछ लोग फ्लरिश करे कुछ न को और दूसरी तरफ यह भी कहे कि हम समाजवाद लाना चाहते है । मै तौ यह समझती हूं कि हम अव जितना कैपीटलिस्ट तरीके से रहना चाहते हैं उतना शायद अमेरिका में भी नहीं होगा । हम ने हर चीज में कलास पैदा कर दी है । शराब में भी कलास है बड़े लोग क्या पता इस लिए पीते होंगे रिस उनकी सेहत अच्छी करती होगी लेकिन गरीब लोगों के लिए तो स्प्रिट ही बेची जातीहै जौ कि उनकी सेहत को खराब करती है । हमारे अंदर छोटे बड़े की भावना रुस कदर है कि हम वाईसिज में भी कलास पैदा करते है' । जो सोसाइटी का अपर स्ट्रेटा है उस के लिए वाईसिज अच्छे रूप में होंगे और जो गरीब हैं उनके लिए दूसरे खराब तरीके से ले । जन तक यह चीज खत्म नही होगी, प्रोहिबीशन कामयाब नहीं ही सकती । इस लिए हम को इस तरह कोशिश करनी चाहिए कि हम समाज के लिए कुछ कर सकें । यह ठीक. है कि प्रोहिबीशन अच्छी चीज है लेकिन इस. की नाकामयाबी की वजह यह है जो इस को इम्पलीमैटं करने वाले थे उन्होंने इस में यकीन नहीं किया । क्या किसी को पता नहीं कि चोरी से शराब निकाली जाती है और पी जाती है । हर एक पुलिस के थाने में रिकार्ड होता है और उनको एक एक आदमी का पता होता है कि कौन कौन शराब निकालता है, लेकिन असल बात तो यह है कि वह खुद भी पीते है' । कई दफा छापा मारने गए

और खुद भी पी ली साथ मिलकर और अब पकड़े कौन किस को? इस तरह चोरी छिपे यह काम चलता रहता हे । जो पीते हैं वह भी समझते हैं कि बुरा कर्म है, लेकिन इसके बावजूद भी कहना नहीं चाहते और छुप कर ही रहना चाहते हैं । नशे तो और भी हैंऔर कई दूसरी खराबियां हैं, जैसे हुक्का हैलेकिन यह वाईस इतनी ज्यादा वाईस नहीं है और ज्यादा खराबी करने वाली बात नहीं है । मुझे चौधरी जय सिंह की बात याद आ गई है । उन्होंने गुरु और शिष्य की बात की । कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण जी ने जो उपदेश अर्जुन को दिया था उसकी बात की । भगवान कृष्ण ने अर्जुन को यही उपदेश दिया था कि जो गलत काम करत है चाहे वह गुरु है उसे तीर मार । अर्जुन ने अपने गुरु द्रोणाचार्य को जब तीर मारने से इन्कार किया था तो उन्होंने यही कहा था कि जो गलती करता है चाहे वह कोई भी है उसे दण्ड मिलना चाहिए और अर्जुन ने उसका शिष्य होते हुए भी उसे तीर मारा... शोर

चौधरी जय सिंह राठी : आन ए प्वायंट आफ आर्डर मैडम । मैं पूछना चाहता हूं कि जो यह कह रही हैं क्या वह रैलेवैटं बात है और जो मैं ने गुरु की बात की थी उससे रैलेवैटं है?

श्रीमती चंद्रावती : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिस हिसाब से इन्होंने बात की उसी हिसाब से मैने जबाब दे दिया है । मेरे कहने का मतलब यह था कि अर्जुन समझता था कि जिस द्रौणाचार्य ने एकलव्य को विद्या देने से इनकार कर दिया उससे अच्छी बात नहीं. हो सकती और वह गलत काम था कि एकलव्य के शूद्र पुत्र

होने के कारण उसे शिक्षा नही दी और यह उन्होंने गलत काम किया था । अगर गुरु. गलत काम करता है और देश का नुक्सान करता है, तो गुरु को सजा देने का विधान हमारे शास्त्रो में है । गलत आदमी चाहे बड़ा हो या छ ट, उसे पूज्य नहीं मानना चाहिए और उस को सजा देनी होगी चाहिए ।

चौधरी लाल सिंह (नारायणगढ) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, काफी समय से इस शराबबंदी के प्रस्ताव पर बहस चल रही है और इसके बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि शराबबंदी जितनी जल्दी आप कर सकते हैं उतनी जल्दी कर देनी चाहिए । मैं समझता हूं इससे आपकी जो यह फैमिली प्लानिंग है इस में काफी फर्क पड़ेगा, क्योंकि सारी की सारी गलतियां शराब से ही होती हैं । शराब ऐसी नामुराद चीज है कि अपने पराए को नहीं देखती है । यह डाक्टरी बात है कि इन्सान के अन्दर और हर चीज के अन्दर कीड़े होते हैं और इन कीड़ों के बगैर कोई नहीं रह सकता । आदमी के अदंर भी कीड़ों की पोटली सै और जो आदमी शराब पीता है उसके कीड़े मर जाते हैं और वह आदमी किसी काम का नहीं रहता । जैसे कि बैल को अगर कीड़े पड़ जाए, तो आप भाई जानते हैं कि उस पर अगर स्प्रिट डाल दी जाए, तो कीड़े मर जाते हैं इसी तरह शराब पीने वाले आदमी के भी कीड़े मर जाते हैं और उससे सोचने की शक्ति कमजोर पड़ जाती है और आप जानते हैं कि सोचने के वगैर आदमी आदमी नहीं रहता जानवर बन जाता टेप । तो मै सारे हाउस से अर्ज करता हूं कि सरकार

को चाहे कितनी ही पुलिस बढ़ानी पड़े और घाटा उठाना पड़े लेकिन ईमानदार आदमी लगा कर शराब बंद कर देनी चाहिए । अगर सरकार कहती है कि इससे नुक्सान होता है । तो मैं साबित कर सकता हूं कि इससे नुक्सान नहीं दस गुणा फायदा होगा । अगर सरकार के पास इसे बंद करने का कोई रास्ता नहीं है तो मैं कहूंगा कि शराब के ठेके पुलिस स्टेशन के साथ होने चाहिए । मैं सरकार कौ मुबारिकबाद दूंगा अगर वह शराब को बन्द कर देगी तो इस सारे देश में एक मिसाल होगी और बाकी प्रांत भी हरियाणा को फालो करेंगे । मैं यह भी जानता हूं कि कई आदमी शराब के बगैर रह नहीं सकते, क्योंकि आदत जो पड़ गई है । मुझे पता है कि मे सिगरेट के बगैर नहीं रह सकता । एक दफा मैंने छोड़ी तो दस रोज तक परेशान फिरता रहा । स्वामी दयानन्द जी ने अपनी एक किताब में लिखा है कि गो से जहर अच्छा है । मै' अपोजीशन के भाइयों से कहता हूं कि वह इसे पास करने में मदद करें, क्योंकि इसके पास करने से बड़ा फायदा होगा (अपोजीशन की तरफ से आवाजें रू हम सब आपके साथ है' अपने साथी कां ग्रेसयो को समझाओ) अगर मेरे साथ है' तो मेरे साथ आकर बैठ जाओ । आप तो मुझे छोड़ कर चले गए हैं (हंसी), मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि जितना जोर उस ने फैमिली प्लानिंग के लिये लगाया है उतना ही जोर अगर वह शराबबंदी पर लगा दें तो इससे फैमिली प्लानिंग भी हो जाएगी और लोगों से यह शराब की बीमारी भी छूट जाऊगी और आदमी आदमी वन कर रह सकेगा । मुझे एक बात याद आ गई है । मैं एक जगह जा रहा था और

रास्ते में मुझे राठी साहिब जैसा दोस्त मिल गया । उसने तीन चार सौ रुपये का सूट पहन रखा था लेकिन शराब पीने के बाद वहू अपना सूट भी भूल गया और अपने आप को भूल गया (शोर) ।

उपाध्यक्षा : ऐसी बाते आप न करें ।

चौधरी लाल सिंह : अगर यह ठीक नहीं तो मैं यह वापिस ले लेता हूं लेकिन मेरे कहने का मतलब यह था कि शराब पी कर अच्छे से अच्छा आदमी पागल हो जाता है और अपने आपको भूल जाता है ।

चौधरी जय सिंह राठी : डिप्टी स्पीकर साहिबा, में इसके बारे मैं पर्सनल एक्सलेनेशन देना चाहता हूं । इन्होंने मुझे एक किस्सा याद दिला दिया.....

उपाध्यक्ष : इन्होंने अपने लफ्ज वापिस ले लिए है, आप बैठ जाइए ।

चौधरी लाल सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कह रहा था कि इसका चालू रखने में बहुत से आदमी किसी न किसी ढंग से कोशिश करते रहते है' इसके लिए तो आपको सक्त कदम उठाने पड़ेंगे क्योंकि यह छोटी बीमारी नही है, बहुत बड़ी बीमारी है जो कि हर आदमी के दिल को प्यारी लगती है । यह आसानी से छूटने वाली चीज नहीं । मैं फाइनेन्स मिनिस्टर साहिबा से कहना चाहता हूं कि शराब को बन्द करने से अगर बजट में घाटा आये तो आने दो । जौ रुपया आप इस पर लगायेंगे उसको जमीन में

ट्यूबवैल्ज लगाने पर खर्च करो । शराब पर खर्च किया हुआ पैसा किसी काम नही आता । मैं शराब तो क्या, चाय, तम्बाकू के भी खिलाफ हूं । हमारे देश में चाय नही पीते थे लेकिन अब लोग बिस्तरो से सोये हुए बाद मे उठते हैं चाय पहले मांगते है' । अगर यह बन्द, हो जाये तो लोग तरक्की पाएगे और देश का कल्याण होगा ।

श्री बलवन्त राय तायल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस रैजोल्यूशन पर बहुत बहस हो चुकी हूँ । मैं इसकी क्लोजर मोशन मूव करता हूं । आप इस पर हाउस को राय ले ले (विध्न)

चौधरी जय सिंह राठी: मैं इसको सैकंड करता हुं ।

उपाध्यक्षा : अभी एक घंटा बाकी है मेम्बर साहिबान एक घटे तक बोल सकते हैं ।

श्रीमती प्रसन्नी देवी (इन्द्री) : उपाध्यक्ष महोदय शराब के विषय में जो रेजोल्यूशन हाउस में पेश किया है, मै उसके साथ सहमत हूं क्योंकि शराब मे कोई फायदा तो नहीं दिखाई देता, नुक्सान ही नुक्सान है । इसके अवगुण इतने हैं' जो यहां पा गिनाये नहीं जा सकते । इससे खास तौर पर गरीब लोग ही अधिक नुक्सान उठाते है, जिनको पेट भर कर रोटी नही मिलती, थोडी–बहुत कमाई दाती है, उसे भी शराब पीने मै लगा देते है' ।

चौधरी जय सिंह राठी. : आन एर प्वायंट आफ आर्डर मैडम । डिप्टी स्पीकर साहिबा, क्लोजर मूव किया था और मैने उसको

सैकण्ड किया था, लेकिन बहस वैसे ही चल रही है । मै इस बात पर आपका स्टलिंग चाहता हूं कि क्या क्लोजर मोशन मूव करने के बाद बहस आगे चल सकती है या नही ?

श्री बनारसी दास गुप्ता : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप कंटिन्यू रखें, आगेजीशन वाले इसको लौंग करना चाहते हूँ' । आप जल्दी जल्दी बहस करके खत्म करें ।

चौधरी जय सिंह राठी : हम ना पहले ही चाहते है' कि तुमको खत्म करो ।

उपाध्यक्षा : देखिए, यह चेयर की मर्जी है कि आपकी क्लोजर मौशन मूव को मानें या न माने । मैंने रूल पढ़ लिया है, बहस जारी रहेगी ।

श्रीमती प्रसन्नी देवी : मैं कह रही थी कि बड़े आदमियों को तो इससे इतना नुक्सान नहीं होता, क्योंकि उनके पास पैसे की कगी नही होनी हे, अगर फर्क पड़ता है तो गरीब लोगों कौ ही पडता है । हिन्दुस्तान में सब से ज्यादा ज्यादा में गरीब लोग ही रहते है, उनके पास गुजरा करने के लिए थोड़ी बहुत पूंजी होती है उसको शराब पीकर खत्म कर देते है' । इससे उनकी सेहत पर बुरा अमर पडता है । उमर कम हॉ जाती है जिससे नेशन को वड़ा नुक्सान दाता है । शराब पीने से बड़े बड़े कत्ल हो जाते है, गोलियां चलती हैं, इस तरह इससे कोई फायदा तो है नही, नुक्सान ही

नुक्सान है । जहां तक शराब से होने वाली सरकारी आमदनी का सवाल डै. अगर इसका हिसाब लगाया जाये तो उमसे कही ज्यादा रुपया लोग शराब पीने में खर्च करते है' जो कि देश का ही पैसा है । इसमे जो घाटा होगा उस घाटे को पूरा करने के लिए अगर सरकार बजट में कटौती कर ले तो अच्छी बात है । जब तक समाज में अच्छे आदमी पैदा करने के लिये अच्छा वातावरण न पैदा ही, तब तक इस शराब से होने वाली आमदनी का कोई फायदा नहीं है । आज मे बहुत पहले हरियाणा में शान्ति का वातावरण था लेकिन आज कल यह हालत है कि रोज बड़ी संख्या मे लोग शराब पीये हुए मिलेंगे । कई लोग चोरीं से पीते हैं । मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहती हूं कि इस बुराई को दूर करने के लिए चाहे उन्हें बजट में कटौती करनी पड़े, चाहे इन्कम–टैक्स लगाना पड़े, लेकिन इसको जरुर कानूनी तौर पर बन्द कर देना चाहिए । मैं समझती हूं कि जो भाई मेम्बर साहिबान यहां बैठे हैं, वे भी इस बात का प्रण ले कि हमने इस शराब–बन्दी पर अमल करना है तो समाज में अच्छा वातावरण पैदा कर सकते है' । (चौधरी जय सिंह राठी की तरफ से विघ्न) राठी साहिब को शायद यह बात बुरी लग रही होगा, क्योंकि यह बात उनके लिए अच्छी नहर है ।

चौधरी जय सिंह राठी : मैं तो पहले ही कह रहा हूं कि आप इस प्रस्ताव को पास करो, आप वैसे ही बहस कर रहे हैं ।

श्रीमती प्रसन्नी देवी : डिप्टी स्पीकर साहिबा, हिन्दुस्तान में हरियाणा प्रांत वह भूमि है जहां पर ऋषियों औरमुनियों का निवास

रहा है । यहां पर धर्म को ही श्रेष्ठ माना है। लेकिन जब शराब को बात आती है तो आजकल के नौजवान सब धर्म–कर्म भूल जाते हैं और धर्म–कर्म के स्थान शराब से इन्सान की जितनी भी कमियां हैं यानि बुराईयां हैं वे इन्सान पर काबू पा लेती है' । शराब को इस्तेमाल' करने से इन्सान बूरे मे बुरे रास्ते पर जा सकता है । स्वास्थय की दृष्टि सें भी इसका कोई फायदा नहीं है । क्योंकि जो शराब पीने वाला व्यक्ति हैं और जो शराब नहीं पीता है, इन दोनों में सेहन और मम्तिष्क की दृष्टि से बहुत फर्क है । इसलिए डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके जरिए सरकार सें यही प्रार्थना करती हूं कि कोई ऐसा रास्ता निकाला जाए, चाहे घाटा उठाना पड़े, बजट में कटौती करनी पड़े, लेकिन तुम शराब को कानूनी तौर पर बन्द किया जाए ।

श्रीमती शकुन्तला (सल्हावास, एस०सी०) : उपाध्यक्ष. महोदया, मैं श्री दया कृष्ण जी के शराब–बन्दी के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं । वैसे तो नशा–बन्दी के बारे में कहने को कुछ रह नहीं गया है, क्योंकि सभी भाईयों ने अपने अपने विचार प्रकट करके और समर्थन देकर बहुत कुछ कह दिया है । मगर फिर भी बैठे वैठे शराब की एक झलकी मुझे याद आ गई जिसे बताए वगैर भँ रह नहीं सकती । मेरे साल्हावास हल्के में इलैक्शन चला हुआ था । एक तरफ तो मै इलैक्शन लड़ रही थी और दूसरी तरफ मुझे अपोज करने के लिए कांग्रेस के एक भाई थे । इलैक्शन का प्रापोगेन्डा बड़े जारी मे चल रहा था । एक दिन शराब का एक

ठेकेदार मेरे पास आया और कहने लगा कि बहिन जी आप तो इलैक्शन हारेगी । मैने कहा क्यों? कहने लगा कि कांग्रेस कैन्डिडेट के यहां तो 70 हजार की शराब पहुंच गई है जबकि आपने एक भी बोतंल नहीं ली । आप कैसे इलेक्शन जीतेगी? मुझे सचमुच बड़ी परेशानी हुई और मैं सोच में पड़ गई कि कैसे बात बनेगी? खैर, एक बात मेरे दिमाग में आई और वह यह कि मुझे घर घर औरतो के पास जाना चाहिए क्योंकि औरतें शराब से बहुत नफरत करती हैं ।

चौधरी लाल सिह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, ये झूठे इलजाम कांग्रेस के ऊपर लगा रही है' ।

श्रीमती शकुन्तला : डिप्टी स्पीकर साहिबा, ये झूठे इलजाम नहीं बल्कि सच्चे हैं । अगर आप कहें तो मै बहिन ओम प्रभा जैन जी से जो यहां बैठी हुई हैं गवाही दिला सकती हूं (विरोधी दल की तरफ से तालियां) तो मैं कह रही थी कि मैने घर–घर औरतों के पास जाकर बात करने की योजना बनाई और काफी दिनों तक मै घुमती रही और औरतों मै. कहती रही कि बहिनों कहीं शराब के चक्र में न आ जाना, बल्कि वोट मुझे देना । उन सबने मुझ से कहा कि बहिन जी वोट तो हमने आपको ही देने है, परन्तु किसी तरह सै यह शराब बंद करा दो । क्योंकि इसने हमारे आदमियों को बिगाड़ दिया है । मुझे शराबियों के बारे में तौ ज्यादा पता नही कि उन पर क्या बीतती है और क्या क्या वे. करते है' मगर यह शक जरूर पैदा हेता है कि जब यह काग्रेस बोले अपने

नुमांयदो को जिताने के लिए 70– 70 हजार रुपये की खराब खरीदने है तो यह इसे कैसे बंद करेंगे (विरोधी दल की ओर से तालियां) और यदि बंद करेंगे तो इन्हें इलैक्शन जीतना मुश्किल हो जाएगा ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब मैं बात और कर्ज कर दु क्योंकि भाई लाल सिंह जी कहते हैं कि बहिन जी झूठ बोल रही है' । अभी जाटुसाना का इलैक्शन हो रहा था बहिन ओम प्रभा जी ने वहा जाना था । सब गांवों वाले वहां खुश थे और मै' भी खुश थी कि हमारी एक बहिन जो स्टेट की फाइनैन्स मिनिस्टर है' आने वाली हैं, लेकिन जब इनकी कार में से मैने शराबियों को निकलते देखा तो मुझे बड़ी शर्म आई (विरोधी दल का तरफ से शेम शेम की आवाज) मैने बहिन जी से कहा कि बहिन जी यह तो बहुत बुरी बात है । आपको शराबियो को साथ लेकर नही चलना चाहिए । खैर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन बातों में न जाकर, मैं अन्त में अपना समर्थन देते हुए आपके द्वारा इनसे यही प्रार्थना करती हूं कि अगर ये इलैक्शन में जीत–हार के डर को छोड़कर नशाबन्दी कर दें तो अच्छा ही रहेगा ।

WALK OUT

Chaudhry Jai Singh Rathi: Madam, I rise to move "That the question be now put."

Since many hon. Members have participated in the discussion on this resolution, and almost everyone has supported it, I move this motion.

डिप्टी स्पीकर साहिबा, टाईम पौने छः हो गया है । सारा हाउस इस बात के हक में है कि डिसकशन वेद होनी चाहिए क्योंकि अव कोई चीज ऐसी रह नहीं गई है जिसकी वजह से डिसकशन जारी रहे.. शोर.

(सरकारी बैंचों की तरफ से कुछ सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए)

उपाध्यक्षा : बहुत सी बातें रह गई हैं जिनको अभी तक टच नहीं किया गया थैं । फिर बहुत से सदस्य अभी बोलना चाहते है.... शोर.. आर्डर, प्लीज, आर्डर।... शोर.... देखिए, हाउस के अन्दर जो मेम्बर का राइट है उसे मै छीन नहीं सकती।

महंत्त गंगा सागर अगर : ये पास करना चाहते है' तो सामने आएं ।

उपाध्यक्षा : मैं ने जैसे पहले कहा, अभी बहुत से मेम्बर साहिबान बोलना चाहते हैं । इसी लिए मेरी आप लोगों से अपील है कि आप शोर न करके आराम से सुनिए.... शोर..

राव बीरेन्द्र सिंह : ये तो इसे टाक–आउट कराना चाहते है' ।

चौधरी जय सिंह राठी : अगर ऐसी ही बात है और ये इसे पास नही करना चाहते तो हम बाहर जाते हैं । (विरोधी दल के सभी सदस्य बाहर चले गए) शोर

RESUMPTION OF DISCUSSION ON THE RESOLUTION REGARDING PROHIBITING THE MANUFACTURE AND SALE OF ALCOHOLIC DRINKS IN THE STATE

चौधरी हरकिशन लाल कम्बोज (रोड़ी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज विधान सभा के सामने शराब–बन्दी के लिए श्री दया कृष्ण जी ने एक रैजोल्यूशन रखा है । अब तक काफी मैम्बरान इस सम्बन्ध में बोल चुके हैं । वैसे तो इसके समर्थन और विरोध में बातें काफी कही जा चुकी है, मगर मैं भी अपने जजबात हाउस के सामने रखना जरूरी समझता हूं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, वैसे तो मोटे तौर पर इंसान और हैवान में कोई फर्क नही, क्योंकि इन्सान भी हैवान की तरह खाता है, पीता है, सोता है और आखिर में मर जाता है, लेकिन फिर भी इन्सान और हैवान में थोड़ा सा जो फर्क है वह यह है कि इन्सान में अक्ल हूँ. सोचने की ताकत है । वह अपने बुरे भले को सोझ–समझकर फैसला करता हूँ । इसी फर्क की वजह से इन्सान को हैवान से अच्छा समझा जाता हे । मगर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्सान जब शराब पी लेता है या शराब का नशा जब उसके दिमाग में दाखिल हो जाता है तो उसे हम या तौ पागल कह सकते है' या हैवान । अव्वल तो उसकी अक्ल शराब पीकर काम ही नहीं करती और अगर थोड़ा बहुत करे भी तो वह उस वक्त इन्सानियत के काम नहीं कर सकती. । इस वक्त, डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे सर्वे के अन्दर शराब पीने की आदत बहुत खतरनाक रूप अख्तियार कर चुकी है । आज देहात के अन्दर जितने लड़ाई झगड़े होते है' उनमें 50/60 फीसदी शराब की

वजह से होते है । उनका मूल कारण शराब पीना ही होता हूँ । मैं समझता हूं कि यदि इस स्टेज पर हम प्रान्त में शराब का पीना बंद नहीं करेंगे, तो कुछ दिनों बाद यह बीमारी ऐसा भयंकर रूप अख्तियार कर लेगी जिसे कन्ट्रोल करना मुश्किल होगा । बाबू दया कृष्ण जी ने यह बड़ा अहम काम किया हे कि वे इस रैजोल्यूशन को ले आए । इसकी मुताल्लिक कोई दो राय नहीं हैं कि शराब बुरी चीज है । कोई भी व्यक्ति, चाहे वहइस सदन के मैम्बरान हों या सुनने वाली जनता हो, कोई यह कहने की जुर्रत नहीं कर सकता कि शराब पीना अच्छा है । तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन लफ्जों के साथ मैं बाबू दया कृष्ण जी के रैजोल्यूशन की पूरे जोर के ताईद करता हूं और आपके द्वारा गवर्नमैंट से प्रार्थना करता हूं कि जल्दी से जल्दी शराब को बंद किया जाए और मेरे मोहतरिम दोस्त बावू रामसरन चन्द मित्तल जी ने जो तरमीम पेश की है वह नहीं होनी चाहिए । यह जौ छूट उन्होंने दी है कि गवर्नमैंट किसी प्रोग्राम के मुताबिक आहिस्ता आहिस्ता शराब को बन्द करे, यह तो वही बात हुई कि मकान को तो आग लगी हुई है, मगर कोई हमदर्द बजाय आग बुझाने की कोशिश करके यह कहे कि छोटा सा फायर ब्रिगेड लगा दो, आहिस्ता आहिस्ता बुझ जाएगी । यह बात ठीक नहीं है । इसके लिए हमें इन्कलाबी कदम उठाने पडेगे । कांग्रेस के प्रोगाम में यह बहुत पहले का फैसला है कि आहाद हिन्दुस्तान में नशाबदी की जो और खासतौर पर गान्धी जी के ये विचार थे कि शराब–बन्दी करें। हमारे हिन्दुस्तान को आजाद हुए आज 22 साल हो गये हैं लेकिन आज तक शराब–बन्दी नहीं हो

सकी । इसलिए हरियाणा सरकार ने यह एक बहुत बड़ा कदम उठाया है ।

दूसरी बात यह है कि हमें यह सोचना छोड़ देना चाहिए कि शराब के बन्द कर देने से हरियाणा को कितना नुक्सान होगा । अगर शराब से सरकार को कुछ आमदनी होती है तो वह हरियाणा की जनता की जेबों से ही वह रुपया आता है न कि बाहर से । अब आप यह देखें कि सरकार को तो आमदनी हो गयी लेकिन उस शराब से हरियाणा के लोगो का इख्लाक गिरा और उनकी सेहत बरबाद हुई उसके बारे में कोई नहीं सोचता । अगर हमें शराब बन्दी करके कोई और टैक्स लगाने पड़ते हैंतो लगा देने चाहिए । टैक्सों के लगने से केवल लोगों को पैसा ही तो देना पड़ेगा । उनको सेहत का नुक्सान तो नहीं होगा । शराब से तो सेहत और इख्लाक भी गिरता है । इसलिए इसके लिए हमें एक इन्कलाबी कदम उठाना चाहिए । इस कदम को उठाने के लिए हमें डेट मुकरर्र कर देनी चाहिए कि फलां तारीख को हरियाणा में शराब–बन्दी होगी ।

मेरा एक और सुझाव यह है कि अगर सब से पहले हरियाणा की जनता की तरफ से चुने हुए एम० एल० एज० और ब्लाक समितियों के मेम्बर, जिला परिषदों के मेम्बर शराब का पीना बन्द करें तो बहुत अच्छा होगा । दूसरे हमारे जितने भी सरकारी मुलाजिम हैं उनको भी पीनी बन्द करनी चाहिए । अगर ये लोग पीना बन्द कर देंगे तो उसका और लोगों पर भी असर पड़ेगा । अगर कोई

मुलाजिम शराब पीता हुआ पकड़ा जाये तो उसको सजा मिलनी चाहिए ।

श्री ओम प्रकाश गर्ग : डिप्टी स्पीकर साहिबा आनरेबल मेम्बर ने केवल एम० एल० एज ० और ब्लाक समितियों के मेम्बरों का जिक्र किया है हम यह चाहते हैं कि उनको मिनिस्टरों को भी कहना चाहिए था कि वे भी पीना बन्द करें ।

चौधरी राम प्रकाश (मौलाना) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे विचारों के अनुसार तो शराब पीने से पहले आदमी एक इन्सान होता है और शराब पीने के बाद वह हैवान हो जाता है । मैं यह बड़े दावे के साथ कह सकता हूं कि जितने भी क्राईम होते हैं पचास फीसदी तो शराब की मेहरबानी से ही होते हैं । शराब पीने के पश्चात् इन्सान अपने होश–हवास को भूल जाता है और फिर यह इन्सान न रह कर एक हैवान बन कर गन्दे से मन्दे क्राईम करता हूँ ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा आपने देखा होगा, क्योंकि आपकी तो सारी जिन्दगी ही पब्लिक लाइफ में गुजरी है कि शराब के पीने से तपेदिक कीबीमारी भी हो जाती है । हमारे देश में हर चीज में मिलावट होती है । इस मिलावट ने हमारे देश को तबाह कर दिया है । आप चाहे किसी देसी शराब के ठेके पर चले जायें या अंग्रेजी शराब के ठेके पर वहां आप यह मालूम कर सकते हैं कि उन ठेकदारों के पास एक केवल होता है जो केवल चालिस पैसे का

आता है जो कि बिल्कुल जहर होता है । ये ठेकेदार लोग उस चालिस पैसे के कैप्सूल को पानी में मिला कर बोतल भर देते हैं । फिर लोगों को शराब बताकर बेचते हैं । फाइनैस मिनिस्टर साहिबा के नोटिस में इस बात को पहले भी लाया था और अब फिर ला देना चाहता हूं कि जो इस तरह की हेरा–फेरी करते हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त ऐक्शन लिया जाये ।

(इस समय विरोधी दल के कुछ सदस्य सदन में आ कर बैठ गए)

हां फारन कन्ट्रीज में तो प्योर शराब मिलती है लेकिन हमारे यहां हिन्दुस्तान में प्योर शराब बिल्कुल नहीं मिलती है और इस मिलावट वाली शराब से लोगों की सेहत का बडा नुक्सान हो रहा है ।

मेरे अपोजीशन के साथी श्री जयसवाल जी जो अब यहां हाउस में नहीं बैठे हैं, उनसे कहूंगा कि उनको अपनी यह शराब की फैक्टरी बन्द कर देनी चाहिए।

श्री मंगल संन : आप शराब पीना बन्द कर देंगे आपके लिए फैक्टरी बन्द हो गयी । चौधरी राम प्रकाश रू मैं भाई दया कृष्ण जी का बहुत मश्कूर हूं कि उन्होंने यह एक इन्कलाबी कदम उठाया है । मैं समझता हूं अगर हरियाणा में मुकम्मल ही नशा–बन्दी हों जाए चाहे अफीम है, चरस है, भांग है । इन सब नशीली चीजों की नशा–बन्दी हो जाये तो और भी अच्छा होगा ।

अगर यह कदम हम उठाते हैं तो सारे देश में सबसे पहले हरियाणा सूबा होगा जिसने इतना बड़ा इन्कलाबी कदम उठाया है । सारे हिन्दुस्तान में हरियाणा की तारीफ होगी । जिस तरह से हमारे फौजी जवान सारे हिन्दुस्तान में हरियाणा के मशहूर है अपनी बहादूरी के कारण उसी तरह से अगर यह शराब–वन्दी हो जाये तो हरियाणा इस लिहाज से भी मशहूर हो जायेगा ।

एक और बात मुझे करनी है वह यह है कि बड़े दुःख और शर्म की बात है कि यहां बहिन ओम प्रभा जैन जी पर यह इलजाम लगाया गया कि वह जाटुसाना के इलैक्शन के अन्दर दो शराबियों को साथ लेकर गयी और वहां पर राव साहब और दूसरे लोगों को गालियां दी ।

इस प्रकार से बहिन ओम प्रभा जी पर जो कि एक निहायत शरीफ और पाक औरत है, उनपर इलजाम लगाना बड़ी ही गलत बात है । जहां तक पोलिटिकल बातों का सम्बन्ध है आप कुछ कहें, लेकिन इन पोलिटिकल बातों की आड़ ले कर बहिन ओम प्रभा जी पर कीचड़ उछालना ठीक नहीं । अगर मैं कोई घृणित काम करता हूं तो उसकी जिम्मेदारी मेरी है । दूसरे लोग मुझे ही कहेंगे कि बहुत बुरा किया लेकिन जब मैं कोई बुरा काम नहीं करता हूं और फिर कहे तो यह कितने शर्म की बात है । यहां पर बात शराब–बन्दी और नशा–बन्दी की चल रही है और कीचड़ बहिन ओम प्रभा जी पर उछाला जा रहा है ।

चौधरी जय सिंह राठी : शराब–बन्दी के विषय को ले कर उन पर कोई कीचड़ नहीं उछाला गया । यह बिल्कुल गलत बात है ।

श्री ओम प्रकाश गर्ग : चौधरी साहब आप इस रैजोल्यूशन को पास नहीं होने देंगे । आप फिर हाउस में शराब पी कर आ गये ।

चौधरी जय सिंह राठी : मैं तो कहता हूं या तो आप इसको पास कर दें या वापिस ले ले ।'

श्री मंगल सैन : डिप्टी स्पीकर साहिबा मोशन मूव हो चुकी है अगर आप इसको पास करना चाहते हैं तो कर दें वरना क्यों हाउस का टाईम जाया किया जा रहा है । श्री राम प्रकाश जी जो कुछ आप कह रहे हैं वे बातें और थी जो कि राव साहब ने कही थीं । उन बातों का इस रैजोल्यूशन से कोई सम्बन्ध नहीं है ।

चौधरी राम प्रकाश : राव साहिब ने जो कुछ भी यहां कहा वह गलत कहा है । ऐसा नहीं कहना चाहिए ।

WALK OUT

श्री मंगल सैन : भाई राम प्रकाश जी मुझे अफसोस कराने की बात कर रहे हैं मगर डिप्टी स्पीकर साहिबा, अफसोस तो मुझे उन के उपर भी है ।

उपाध्यक्षा : आर्डर प्लीज ।

श्री मंगल सैन : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस बात कों काफी बार कहा जा चुका है कि इस प्रस्ताव को पास कर' दिया जाए । मेरा आप से निवेदन है कि अब इस को पास करवा दिया जाए ।

सूबेदार प्रभु सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा डाक्टर साहिब और श्री राम प्रकाश दोनों ही इस बात का फैसला कैसे कर सकते है' । हम भी तो लोगों से वोट ले कर आऊ हैं । इम लिए जो बोलना चाहें उनको बोलने देना चाहिए ।

उपाध्यक्षा : मैं भी समझती हुं कि मेम्बर को वोलने का राईट है, जहां तक मंगल सैन जी की बात का ताल्लुक है मैं पहले भी अपना रूलिंग दे चुकी हुं कि रूल्ज के मुताविक अगर क्लोजररू मोशन आए तो चेयर को अधिकार है कि उस को माने या न माने । तो मै मेम्बरो के बोलने के अधिकार को छीनना नहीं चाहती ।

श्री मंगल सैन रू डिप्टी स्पीकर साहिबा आप हमें बताएं कि आग साढे छः बजे के बाद भी चलाएगी या इसे अगले हफ्ते पर डाल दिया जाएगा।

उपाध्यक्षा : अगले हफ्ते भी यह रैजोल्यूशन चलेगा ।

डाक्टर मंगल सैन : अच्छा इस का मतलब है कि आप की नियत खराब है । इस लिए हम वाक आऊट करते हैं ।

(इस समय विरोधी दल के सारे मैंबर दूबारा वाकआऊट कर गए)

RESUMPTION OF DISCUSSION ON THE RESOLUTION REGARDING PROHIBITING THE MANUFACTURE AND SALE OF ALCOHOLIC DRINKS IN THE STATE

चौधरी राम प्रकाश : जो मेरे भाई साहिबान बातें करते है उन का हमें बहुत अफसोस होता है । अब सवाल यह है कि कोई इस के हुक में है कोई इस के खिलाफ भी हो सकता है । अभी अभी एक बहिन ने यह कहा कि कांग्रेस कैडीडेट इलैक्शन में 70, 70, 80–80 हजार रुपये की शराब लोगों को पिलाते हैं । मै ईमानदारी से कस्म खा कर कहता हूं कि मैं सन् 1952 से एम० एल० ए० बनता चला आ रहा हूं लेकिन मैं ने आज तक एक पैसे की शराब वोट लेने के लिए नहीं पिलाई, क्योंकि मैं एक गरीब आदमी हुं ।

श्री ओम प्रकाश गर्रा : मैं नहीं समझ सका कि इन्होंने. क्या कहा है? एक पैसे की शराब पी नहीं या पिलाई नहीं । इस वात को जरा फिर क्लियर कर दें ।

चौधरी राम प्रकाश : डिप्टी स्पीकर साहिबा शराब का असर इस के ऊपर भी हो रहा है । तो डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं कह रहा था कि मैं इलैक्शन 1952 से लगातार जीतता आ रहा हूं लेकिन मैने गक पैसे की भी शराब नहीं पिलाई है उस की वजह यह है कि मैं लोगों का काम करता हूं । जो आदमी काम करता है उस को हमेशा ही लोग वोट देते हैं और जो लोग शराब पिला कर वोट लेते है वह दूसरी बार इलैक्ट हो कर नहीं आ सकते । तो मैं

समझता हूं कि इस रैजोल्यूशन को पासकर देने से हरियाणा की 75 फीसदी जनता खुश होगी । डिप्टी स्पीकर

साहिबा जो 8.50 रुपए की बोतल आती है वह गरीबों के लिए होती है अमीर आदमी के लिए तो स्कौच या बलैक नाईट होती है । गरीब आदमी तो सारा दिन मजदूरी करता है और उस का दिल जब करता है शराव पीने को, तो उस को घटिया किस्म की शराब मिलती है जिस का एक पव्वा पी कर वहू पागल हो जाता है और घर में जा कर वह अपनी बीवी बच्चों को पीटता है । मैं दावे से कह सकता हूं कि जो शराब टेंस वह तीस साल की उम्र में' आदमी के बाल सफेद कर देती है और 40 साल तो गुजर ही नहीं सकते । मेरी उम्र 52 साल की है अभी तुक मेरे बाल काले हैं । तो मै ज्यादा न कहता हुआ यही अर्ज करूंगा अपनी बहन जी से कि वह प्रोहिबीशन को लागु कर दें । यह ठीक हूँ कि ऐसा करने से फाइनैसिज में कमी जरूर होगी लेकिन गवर्नमेंट की यह जिम्मेदारी होती है कि लोगों की सेहत को ठीक रखे इस लिए हमारे खजाने में जो खसारा होगा उस को पूरा करने के लिए सैटर सै मदद लेनी चाहिए और शराब बंद कर देनी चाहिए । आप को लोग दुआएं देंगे । आप की मेहरबानी सै लोगों की सेहत अच्छी रहेगी । मैं कई लोगों सै पूछता हूं कि आप शराब क्यों पीते है' तो वह कहते हैं कि गम गलत हो जाता है लेकिन दूसरी तरफ जब वह घरों में जा के पीटते है' तो घर वालों पर गम पड़ जाता है । इस लिए मैं बहन जी से प्रार्थना करूंगा कि चाहे कुछ

भी नुक्सान उठाना पड़े वह इस को जरूरर ही लागू कर दें और खसारे को पुरा करने के लिए और दूसरी कई किस्म की स्कीमें बनाई जा सकती हैं । हम टैक्स देना बर्दाश्त करने के लिए तैयार हैं लेकिन सेहत को खराब करना बर्दाश्त नहीं कर सकते । तो मैं ज्यादा न कहता हुआ इस रैजोल्युशन को स्पोर्ट करता हूं और मैं उम्मीद करता हूं कि हमारी पार्टी इस को पास कर देगी ।

मैं समझता हूं कि अगर सरकार ने शराब बंदी कर दी तो ऐसा करके यह सरकार हरियाणा की जनता पर बड़ा भारी ऐहसान करेगी और अगली नस्लें इसे याद करेंगी । आज हर आदमी चाहता है कि शराब बंदी होनी चाहिए । मै उम्मीद करता हूं कि इस रैजोल्यूशन को यह हाउस एक जबान से पास करेगा और हरियाणा के लोगों पर ऐहसान करेगा ।

श्री बनारसी दास गुप्ता (भिवानी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो प्रस्ताव इस सदन के सामने पेश है यह बहुत अच्छा है और डस पर बड़ी देर से वादविवाद चल रहा है । मैं समझता हूं कि कोई भी व्यक्ति चाहे वहू किसी भी दल से संबंध रखता है इस बात से विरोध न ही कर सकता खि शराबबंदी न हो । यह बडा ही नेक ख्याल है । हमारे धर्म क्षेत्रो ने हमारे गुरुओं ने और खासतौर पर इस युग के महान् व्यक्ति महात्मा गांधी जी ने इस बात पर बड़ा जोर दिया था कि देश में शराबबंदी हो । शराब से कितना नुक्सान होता है इस बात से आप सब अच्छी तरह परिचित है और मेरे से पहले बोलने वाले मैबंरान ने इस पर काफी प्रकाश डाला है

। इस बात में कोई संदेह नहीं कि देश का बहुत भौतिक विकास हुआ है । लेकिन इसके साथ ही यह बडी शर्म की बात है कि उतना ही देश का नैतिक पतन हुआ है और मैं समझता हुं कि इसका मुख्य कारण शराब है । अगर शराबबंदी कर दी जाए तो इसमें शक नहीं कि देश का नैतिक विकास होगा और मैं समझता हुं कि भौतिक विकास के कोई मायने नहीं रहते जब तक हमारी नैतिक शक्ति प्रबल न हो । मैं समझता हूं कि यह जो इतना निर्माण कार्य हुआ हूँ यह ताश के पत्तों की तरह बिखर सकता है अगर हमारी नैतिकता सशक्त न हो । जितना हम ने देश के विकास के लिये जोर लगाया है उतना ही जोर हमें सदाचार को ऊंचा उठाने के लिये जोर लगाना चाहिए । यह ठीक है कि जब से देश आजाद हुआ हूँ तब से लेकर ज्यादातर देश में कांग्रेसी सरकारें ही रही हैं, 1967 के इलैक्शन के बाद जरूर कुछ प्रदेशो में गैर कांग्रसी सरकारें बनी हैं । मै मानता हुं कि कांग्रेस सरकारें भी और गैर कांग्रस सरकारें भी अपने अपने प्रदेश में इस शराब की लानत को खत्म करना चाहती हैं और वह इस तरफ कदम उठा भी रही है' । विरोधी दल के भाई चले गये. है, लेकिन मैं तो चाहता था कि मैं उनकी मौजुदगी में उनसे प्रार्थना करता कि इतने अच्छे प्रस्ताव को वह व्यक्तिगत रस्साकशी में न डालें जौर न ही इसे राजनैतिक इशु बनायें । चौधरी रणबीर सिंह जी ने जो हमारे बड़े सीनियर मैंम्बर हैं बड़ी उदारता से अपने विचार प्रकट किए हैं और उन्होंने माना है हमारी पार्टी की कमजोरी थी कि वह शराबबंदी न कर सकी । अगर विरोधी दल के भाई भी ऐसा

स्वीकार करें तो अच्छी बात है और उन्हें ऐसा करना भी चाहिए । इस में कोई शक नहीं कि ऐसा करने से कुछ प्रैक्टीकल कठिनाइयां हैं और यही वजह है कि जो भी सरकार आई वह इसे बंद नहीं कर सकी । मैं बड़े गौरव के साथ कह सकता हूं कि आज तक अगर किसी प्रान्त में किसी ने शराबबंदी की भी है तो कांग्रेस सरकार ने ही की है और किसी गैर कांग्रेस सरकार ने बंद करने की हिम्मत नहीं की है । आज भी इस बारे में जो प्रस्ताव आया है वह कांग्रेसी मैबंर की तरफ से ही आया है और इस हाउस को बहस करने का मौका दिया है । यह कहना कि कांग्रेस वाले शराबबंदी करना नहीं चाहते केवल प्रापेगडा की बातें हैं यह गलत है । मेरे एक सीनियर साथी मेजर साहिब चले गए हैं, लेकिन मैं उन से कहना चाहता था कि उन्होंने बार बार कहा कि कांग्रेस और कांग्रेस सरकार ढकौसला करना चाहती है । लेकिन वह तीन दफा मंत्री रहे हैं मगर उनकी हिम्मत नहीं हुई कि शराबबंदी की आवाज उठाते । हॉ अगर उन्होंने आवाज उठाई और अगर उनके साथी वह समझते हैं उनसे सहमत नहीं हुए, तो उनमें अगर हिम्मत थी तो मन्त्रिमण्डल छोड़ कर बाहर आ जाते । बात करना बहुत आसान है, लेकिन अमल करना कठिन होता है । आप देखें हमारे सामने कितनी दिक्कतें हैं । हरियाणा छोटा सा प्रदेश है और इसकी आमदनी के साधन सीमित हैं । यह वह कली है जो अभी तक पूरी तरह खिल नहीं पाई है । हमें ज्यादा से ज्यादा धन की आवश्यकता है ताकि हम इस पिछड़े हुए प्रदेश का निर्माण कर सकें । हमें शराबबन्दी करनेसे कोई 9 करोड़ रुपए का घाटा

पड़ता है और यह विचार करने वाली बात है कि क्या हरियाणा इस घाटे को बरदाशत करके अपने निर्माण कार्यों को चला सकता है । मैं चाहता था कि विरोधी दल के सदस्य और कांग्रेस वाले भी ऐसे सुझाव पेश करते कि जिससे यह घाटा पूरा होता । कांग्रेस तो पूरी तरह चाहती है कि शराबबन्दी हो । यही वजह है कि हमारे भारत के वित्त मन्त्री श्री मुरारजी डेसाई ने कहू दिया है कि जो भी प्रान्त की सरकार शरावन्दी करेगी उसका 50 प्रतिशत घाटा वहू पूरा करेंगे । यह ठीक है इससे आधा संकट तो दूर होता है लेकिन बाकी का आधा कैसे हो यह सोचने वाली बात है । मेरी तो यह इच्छा है कि चाहे कुछ समय के लिये कुछ विकास कार्य ही क्यों न बन्द करने पड़े, लेकिन इस लानत को एक दफा बन्द कर ही देना चाहिए । मुझे. पता है कि शराब से क्या क्या नुक्सान होते है । और जनता को कितनी मुसीबतें उठानी पड़ती हैं । मुझे. कुछ दिनों मजदूरों में काम करने का मौका मिला है । मुझे पता है कि किस तरह मजदूर दिन रात सर्दी गर्मी में मशीन की तरह काम करते हैं और उसके औरत और बच्चे भी साथ मिलकर पैसा कमाते हैं लेकिन इसके बावजूद मैंने देखा है कि जब कोई मजदूर मरता हूँ तो उसकी फैमिली के पास उसके कफन के लिये पैसे नहीं होते है, क्योंकि वह सब शराब की भेंट. हो जाते हैं । इतनी मेहनत के बाद भी जो पैसे मजदूर को मिलते हैं । उसकी वह शराब पी जाता है और उसके बच्चे जो पहली तारीख की इन्तजार में होते हैं कि उनके लिये. कपड़े आयेंगे और दूसरी ' घर की चीजें आयेंगी मायूस हो जाते है' । मुझे याद हूँ कि बम्बई

में जब शराबबन्दी की गई थी, तो वहां मजदूर औरतों ने खुशी में दीवाली मनाई थी और जलूस निकाले थे. और उन्हेंने कहा कि आज सही मायनों में आजादी आई है । आप हरियाणा में देखें कि किसान कितनी मेहनत करता है और गरमी सरदी की परवाह किए बगैर अनाज पैदा करता है लेकिन देखा जाता है कि वह अपना बहुत सारा धन अपने फायदे के काम पर खर्च न करके शराब पर खर्च कर देता हूँ जिसे देख कर मेरा सिर शर्म से नीचा होता है । आजकल इसी तरह से शहर के नौजवान नजदीक वाले गांवों में टोलियां बनाकर सैर को जाते हैं और बुरे बुरे कर्म करते हैं । बाजार में चलते चलते भी कई बुरे काम करते हैं । इसके प्रयोग से जहां नवयुवकों का आर्थिक विनाश होता है वहां उनका नैतिक चरित्र भी भ्रष्ट हो जाता है, सदाचार बिल्कुल समाप्त हो जाता है । मैं अपने ह्यदय से इस बात को चाहता हूं कि इस शराब की लानत को हरियाणा प्रान्त से समाप्त किया जाये ताकि हरियाणा हिन्दुस्तान में गर्व से अपना मस्तिष्क ऊंचा उठा सके और बाहर जाकर यह कह सकें कि हमने इस सर्वनाश के रास्ते को छोड़ दिया हूँ क्योंकि हम अपने देश की और नेश्न की उन्नति चाहते हैं । लेकिन डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप जानती हैं कि हमारे बहुत सारे भाई शराब बन्दी के ऊपर बड़ा लम्बा चौड़ा भाषण देते हैं, दलीलें देते हैं, लेकिन जब से स्वयं इस को इस्तेमाल करते हैं तो उन के प्रति नफरत और घृणा पैदा होती है । इससे पता चलता है कि कथनी और करनी में कितना अन्तर है लेकिन मेरा अपना निजी अनुभव है कि व्यक्ति की बाणी में एक विशेष शक्ति होती है, जो

उसके जबान से निकलता है वह उसको पूरा करने में सक्षम हूँ । आप जानते हैं कि महात्मा गान्धी कितने दुबले पतले व्यक्ति थे., वे एक छोटी सी झोपड़ी में रहा करते थे, बड़े साधारण व्यक्ति थे, लेकिन जब वे अपने मुख से एक शब्द निकालते थे तो हिन्दुस्तान के नेता क्या 'जर्मनी तक के नेता हिल जाते थे । इसका सब से बड़ा कारण यह था कि वे जो कुछ कहा करते थे उसको अमली रूप दिया करते थे । जब उन्होंने. खदर पहनने का नारा लगाया, तो अपने आप सब से पहले लंगोटी पहनी । जब उन्हेंने हरिजनीं के उत्थान के लिए नारा लगाया तो सब से पहले उनकी झोपड़ी में ठहरना शुरू कर दिया । यह उस महापुरुष का आत्मबल था । अगर हम इस बात को ईमानदारी से महसूस करते है' कि शराब बहुत बुरी लानत है, यह समाज का सर्वनाश करती है तो हमें प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि इस भ्रष्ट करने वाली बुरी चीज का सेवन न करें । हमें इस बात का प्रचार करना चाहिए कि यह बहुत बुरी चीज है, अगर शराब पीकर, शराब को खत्म करने का प्रचार करते हैं तो वास्तव में इसका प्रचार नहीं होगा । इसके लिए कानून बनाना बड़ा आवश्यक है, विशेष वातावरण तैयार करना जरूरी है । जव तक यह लोगों के दिलो में समाई हुई है और जव तक लोगों के दिलों में इसके प्रति नफरत नहीं हो जाती, तब तक यह दुर नहीं हो सकती । यह ठीक हूँ कि जव एक जिला में शराब–बन्दी कर दी जाती है तो लोग अपने घरों में शराब निकाल कर पीना आरम्भ कर देते हैं, पड़ोसी जिलों में शराब निकालने लग जाते' हैं । जिस से समग्लिंग होती है और भ्रष्टाचार फैलता है । शराब की

लानत से तभी हमारे अन्दर बुराई पैदा होती है जब कि हमारे दिल में बुराई की जड पहले से ही मौजूद कप । हमने पहले इस बुराई को दूर करना है और लोगों के दिलों में हस के लिए नफरत पैदा करनी है । यह ठीक है कि लोग घरों में नाजायज शराब बनाते हैं लेकिन मैं इसी दलील पर ज्यादा विश्वास नशे करता, क्योंकि बहुत से लोग कानून पसन्द होते है' । अगर कानून के जरिये शराब निकालना बन्द कर दिया जाए, तो वे नाजायज काम करने के लिए तैयार नहीं होंगे । वे अपने घर निकलाने की बजाये ठेके से लेकर पी सकते हैं । अगर कानून के द्वारा इस पर पाबन्दी होगी तो हमारी नई पीढ़ी के नौजवान इस बात को सोचेंगे कि शराब नहीं पीनी चाहिए, वे इस बुराई के अन्दर नहीं फंसेंगे । लेकिन आज अगर आप कालेज के अन्दर जाकर देखें तो आपको मालूम होगा कि विद्यार्थी जिनका जीवन ब्रहमचर्य का जीवन होना चाहिए, सदाचार का जीवन होना चाहिए, आज वे. होस्टलों में शराब पीते हैं । मैंने यहां तक सुना है कि लड़कियों के होस्टलों में लड़कियां शराब पीती हैं । आप देख ही रहे है कि यह बीमारी कितनी तेजी के साथ बढ़ती जा रही है और इसके कितने घातक परिणाम होंगे, यह आपको मालूम हो रहा है । आप कितनी ही लम्बी चौड़ी सड़कें बना लें, कितने ही बड़े बड़े प्लेन बना लें.. अगर आप ने इस शराब को बन्द नहीं किया तो यह प्लेने वगैरा ऐसी की ऐसी ही रह जायेंगी और नेशन चरित्र के बिना हवा के एक झोंके से ही ढय जाएगा ।

इसलिए मैं मुख्य मन्त्री साहिब से और वित्त मत्री महोदया से निवेदन करूंगा कि वे इस मामले को गहराई से सोचें । इससे होने वाले घाटे को पूरा करने. के लिए नये रिसोर्सिज तैयार करें ताकि हमारा देश आगे बढे और तरक्की करे । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके द्वारा हाउस के सदस्यों से कहना चाहता हुं कि इस अभिशाप को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाये जाये । इन शब्दों वे साथ मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं ।

श्री ओम प्रकाश गर्ग (थानेसर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मै अर्ज करना चाहता हूं कि श्री दया कृष्ण जी ने जो बिल हाउस में पेश किया, वह वाकई ही उन्होंने बड़ी हिम्मत का काम किया, मुझे इससे बड़ी खुशी हुई । जब यह प्रस्ताव रखा तो मेरे अपोजीशन के भाई चुपके से बाहर चले गये । बजाये इस के कि प्रस्ताव पर बोलने में भाग लेते, कुछ अच्छे सुझाव सदन के समाने' रखते और एक दूसरे के विचारों को सुनते, वे सदन छोड़ कर चले गये । डिग्री स्पीकर साहिबा, मैं आपकी बिसातत से कर्ज करना चाहता हूं कि अगर शराब बन्दी हरियाणा प्रान्त में हो जाये तो यह सब से बड़ा काम होगा । आपको पना ती है कि शराब पीने से क्या क्या नक्स इन्सान मे पड़ जाते हैं । मैं एक छोटे से गांव लाडवा का रहने वाला हूं । दस गांव के मोटर अड्डे पर सड़क पर ही शराब का ठेका है । मैं अक्सर देखता हूं कि यहां पर शराब की वजह से रोज लडाई झगड़ा होता रहता है जितने भी केस कत्ल के हुए हैं ये सब शराब की वजह से ही है जिन का अभी तक कोई पता

नहीं लगा । डिप्टी स्पीकर साहिबा हमारे इलाको में लोग बड़े खुशहाल रहते थे, बड़ा खुशहाल इलाका माना जाता था, लेकिन आज कल शादियों में आप जाकर देखें तो प्रस्ताव पिलाकर शादियां की जाती है । एक एक जमीदार ने शादी करने के लिए पचासों बोतलों का इन्तजाम करके रखा हुआ होता है, क्योंकि लोंगो के दिलों में यह ख्याल बैठा हुआ कि शराब के बिना शादी नहीं होनी।

डिप्टी स्पीकर साहिबा मैने यह तक देखा है कि सरकारी दफतरो में प्रमोशनज शराब के वेसिज पर होती है । लोगों को शराब देनी पड़ती है. अदालतों में फैसले कराने के लिए शराब देनी पडती है । लेकिन इस किसम की शराब नहीं देनी पडती जो आम आदमी पीता है । प्रमोशन और फैसले के लिए अच्छी किसमे की शराब देनी पड़ती है । ऐसे मोंको पर दी गई शराब, केवल शराब देने और पीने तक ही महदूद नहीं रहती, बल्कि इससे और भी भयानक परिणाम निकलते है । इस लिए मेरी अर्ज है कि शराबबंदी निहायत जरूरी है । डिंप्टी स्पीकर साहिबा, आपके पता होगा कि शराब से पहले अफीम और सुलफे का ठेका हुआ करता था । जब अफीम और सुलफे पर पाबन्दी लगा दी गई तो आपने देखा होगा यहां पर अफीम और सुलफा मिलना ही बन्द हो गया । उस प्रकार सुलफा और अफीम इस्तेमाल करने वाले भी नहीं रहे ।

उपाध्यक्षा : हाउस करन साढ़े 9 बजे सूबह तक के लिए अडर्जन किया जाता है ।

6.30 P.M.

(The House then adjourned till 9.30 A.M. on Friday, the 31st January 1969).